दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शनिवार 04 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 101 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## भारत की समुद्री ताकत में इजाफा

### हम एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति : रक्षामंत्री



**नई दिल्ली।** भारत की समुद्री सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में स्वदेशी अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी और आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल कराया। इस समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा, आईएनएस तारागिरी के जलावतरण से भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ी है। आईएनएस तारागिरी में ब्रह्मोस और सुपरसोनिक मिसाइल से लैस है। इतिहास हमें बताता है कि कोई भी देश बिना अपनी नौसैनिक ताकत को मजबूत किए शक्तिशाली नहीं माना जा सकता है।" रक्षा मंत्री ने कहा, ये शहर अपने आप में भारत की समुद्री शक्ति का साक्षी रहा है, इसलिए विशाखापट्टनम से तारागिरी कमीशनिंग अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से लेकर आज की रणनीतिक वास्तविकताओं ने समुद्र में हमेशा भारत की दिशा तय की है। भारत का हमेशा से ही समुद्र के साथ अनोखा संबंध रहा है और समय के साथ समुद्र से हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है। उन्होंने कहा, हमें केवल अपने तटों की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय हितों से जुड़े महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, चोक पॉइंट्स और डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## बीट अफसरों और मिशन शक्ति प्रभारियों को कमिश्नर का अल्टीमेटम

### अपराध हुआ तो जिम्मेदारी भी, अब नहीं चलेगी ढिलाई एक्शन होगा तय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए सीपी जे रविंदर गौड ने बीट पुलिस ऑफिसर (बीपीओ) और मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों को कड़ा अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बीट क्षेत्र में किसी भी गंभीर अपराध की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सीधे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने एडिशनल सीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एसीपी के माध्यम से बीट पुलिसिंग और मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए। साथ ही जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### लापरवाही पर होगी सीधी कार्रवाई

#### बीट अफसरों पर सख्ती तय, लापरवाही पर एक्शन की तैयारी

करंट क्राइम। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बीट पुलिसिंग को लेकर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नर का फोकस बीट स्तर पर जवाबदेही तय करने पर है, जिसके चलते लापरवाही करने वाले बीट अफसर जल्द रडार पर आ सकते हैं। हाल के मामलों की समीक्षा के दौरान जिन क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण कमजोर पाया गया है, वहां तैनात पुलिसकर्मियों की भूमिका पर सवाल उठे हैं। जानकारी के मुताबिक, ऐसे बीट अफसरों के बीट क्षेत्र बदले जा सकते हैं और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी संभव है। कमिश्नरेट स्तर पर यह साफ संकेत दिया जा रहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले समय में बीट पुलिसिंग की निगरानी और कड़ी की जाएगी, ताकि कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हो।

#### बड़े बदलाव के संकेत

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई थानों और सर्किल स्तर पर फेरबदल भी देखने को मिल सकता है। बीट पुलिस अफसरों, बीट प्रभारियों और मिशन शक्ति केंद्र से जुड़े कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए कमिश्नरेट स्तर पर कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अब बीट पुलिसिंग को लेकर जवाबदेही तय, लापरवाही खत्म का स्पष्ट संदेश दिया गया है। आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि इस सख्ती का जमीनी स्तर पर कितना असर पड़ता है।

### महिला अपराध और लापरवाही पर नाराजगी

करंट क्राइम। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में मिशन शक्ति केंद्रों के संचालन में लापरवाही और महिला अपराधों के मामलों में बीट पुलिसिंग पर सवाल उठे हैं। इसे लेकर कमिश्नर ने एक समीक्षा बैठक में गहरी नाराजगी जताई और साफ संकेत दिए कि अब किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं हाल ही में पुलिस कमिश्नरेट में नाबालिग से दुष्कर्म-हत्या और शोषण जैसे गंभीर मामलों के सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत स्पष्ट कर दिया है कि कानून-व्यवस्था में लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## मोदीनगर में हिस्ट्रीशीटर राहुल जाट पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

### - खुद कार चलाकर पहुंचा अस्पताल, पुलिस फुटेज जांच में जुटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक ढाबे के बाहर हिस्ट्रीशीटर राहुल जाट उर्फ कालू पर जानलेवा हमला कर दिया गया। वारदात इतनी बेखौफ अंदाज में अंजाम दी गई कि हमलावर पैदल आया, सीधे कार की खिड़की तक पहुंचा और नजदीक से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि राहुल जाट अपने दो साथियों के साथ ढाबे के बाहर खड़ा है। जैसे ही वह अपनी कार की ड्राइविंग सीट पर बैठता है, एक युवक आराम से पैदल चलता हुआ आता है और कार की खिड़की के पास पहुंचकर अचानक फायरिंग शुरू कर देता है। हमलावर ने केवल राहुल को निशाना बनाया और उसके साथ खड़े अन्य लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, जिससे हमले के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका और मजबूत हो जाती है।

#### चार गोलियां लगने के बाद भी दिखाई हिम्मत

करंट क्राइम : इस हमले में राहुल जाट को गर्दन, सीने, पेट और पैर में कुल चार गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी

विस्तृत खबर, पृष्ठ 6

## मुरादनगर की पिच पर सांसद अतुल गर्ग को क्यों आसान बॉल डाल रहे थे विकास तेवतिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में पिच का एक मिजाज होता है और यहां पर कुछ चीजें फिक्स होती हैं और कुछ चीजों में रिस्क होता है। यहां पर अनुमान का बड़ा महत्व होता है। यहां खेल खेल में खेल हो जाता है। ये राजनीति है यहां जरा सी चूक पर कोई पास , कोई फेल हो जाता है।

राजनीति वाले जब क्रिकेट की पिच पर पहुंचे तो बैट्समैन और बॉलर के बीच क्या चल रहा इसे मैदान के बाहर वाले देख रहे थे। सवाल अब यही उठा कि आखिर मुरादनगर वाली पिच पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को विकास तेवतिया क्यों आसान बॉल डाल रहे थे। अतुल गर्ग की राजनीतिक ताकत की बात करें तो इस समय वो कोहीनूर हैं। वो पिच पर भी हिट हैं और मैदान में भी हिट हैं। इतना तो उनका वजूद है कि टिकट वितरण के समय इस लोकसभा में वो जिसके भी सिर पर अपना हाथ रख देंगे, उसे टिकट का वरदान तत्काल प्रभाव से तथास्तु हो जायेगा।

ये सांसद हैं और जाहिर है कि उनकी इस मामले में चलनी है। शहर विधानसभा में संजीव शर्मा विधायक हैं इससे बड़ी बानगी और क्या दी जा सकती है। चुनाव पास हैं तो सभी खिलाड़ी ये चाहते हैं कि वो उस टीम में शामिल हो जायें जिसमें कप्तान अतुल गर्ग हैं। क्योंकि इलैक्शन का सीधा तार टीम में सलैक्शन से जुड़ा है। खिलाड़ी चाहते हैं कि अतुल गर्ग की कप्तानी में वो मैच खेलें। राजनीति में कई बार वैसा नहीं होता है जैसा दिखाई दे रहा है। जब अतुल गर्ग पिच पर आये तो उनके जोरदार शॉट से ज्यादा चर्चा विकास तेवतिया की आसान बॉलों को लेकर हुई। मामला मुरादनगर में भाजपा के वर्ग प्रशिक्षण शिविर का है। मैदान वर्ग प्रशिक्षण शिविर के बाहर वाला है और पिच पर बल्लेबाजी के लिए सांसद अतुल गर्ग आ चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ बॉलिंग के लिए मुरादनगर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन विकास तेवतिया मौजूद हैं। सबको लग रहा था कि विकास तेवतिया मजबूत गेंद डालेंगे और बल्लेबाजी को जटिल करेंगे। लेकिन विकास तेवतिया की आसान गेंदबाजी को देखकर सब हैरान।

अतुल गर्ग की सधी हुई जोरदार बल्लेबाजी और अधिक हैरानी में डाल रही थी। दोनों पिच पर मौजूद थे और सांसद अतुल गर्ग ने विकास तेवतिया की गेंदों पर जोरदार शॉट लगाये। चर्चा यही शुरू हो गयी कि बल्लेबाज के रूप में सांसद अतुल गर्ग मजबूत हैं या बॉलर के रूप में विकास तेवतिया कमजोर हैं। क्योंकि जो लोग मैच को देख रहे थे वो इस बात को बखूबी समझ रहे थे कि विकास तेवतिया आखिर इतनी आसान बॉल क्यों डाल रहे हैं । कमजोर बॉल पिच पर थी और फिर बैट के सम्पर्क में आते ही वो बाउन्ड्री की तरफ जा रही थी। बल्लेबाज के शॉट को देखकर सियासत के खिलाड़ी कुछ और ही अनुमान लगा रहे थे। विकास तेवतिया मुरादनगर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन हैं और वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजपाल तेवतिया के भाई हैं।

जिला पंचायत वाले चुनाव नजदीक हैं और ऐसे में आसान गेंदों का गणित समझना कोई जटिल काम नहीं है। यहां पर आसानी के बीच में इस बात को भी समझा जा सकता है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजपाल तेवतिया के बीच संबंधों की कितनी ग्रेविटि है। समय के साथ बहुत कुछ बदला है और कई बार समय के साथ सियासत के समीकरण बदलते हैं, लहजे बदलते हैं और फिर पूरी सियासत बदलती है। आसान गेंदों के गणित को तूफानी शॉट से समझा जा सकता है। आसान बॉल डालकर क्या सियासत की पिच पर राहें आसान की गयी हैं।

## गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण: रविंद्र त्यागी पुन: बने बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष




### - तीन वर्ष बाद दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर मिली जिम्मेदारी, मुंबई मुख्यालय में संभाला कार्यभार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक चुनाव के बाद गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। शहर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित निर्माण व्यवसायी रविंद्र त्यागी को एक बार फिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

देश के सबसे पुराने और प्रमुख निर्माण क्षेत्र से जुड़े इस संगठन की स्थापना आजादी से पूर्व हुई थी। वर्तमान में इसके पूरे देश में 25,000 से अधिक सदस्य हैं और लगभग प्रत्येक राज्य व जिले में इसकी सक्रिय उपस्थिति है। रविंद्र त्यागी का तीन वर्ष के अंतराल के बाद दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना न केवल उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है, बल्कि गाजियाबाद के लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने मुंबई के तारदेव रोड स्थित एसोसिएशन के मुख्यालय में विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्माण क्षेत्र में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए वे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और अपने संपर्कों के माध्यम से लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

इस दौरान गाजियाबाद से संगठन के चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टी लालचंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय त्यागी, गाजियाबाद सेंटर के अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विपिन कुमार (बॉबी) और विजय बंसल भी उपस्थित रहे। सभी ने रविंद्र त्यागी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## घंटाघर रामलीला मैदान में सजेगा महर्षि कश्यप महाकुंभ, दोनों डिप्टी सीएम होंगे मुख्य वक्ता

### भाजपा संगठन भी दिखाएगा ताकत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर 5 अप्रैल को रामलीला मैदान में भव्य महर्षि कश्यप महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। यह विशाल आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में संपन्न होगा, जो कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। आयोजन में स्वागत अध्यक्ष की जिम्मेदारी स्वयं मंत्री नरेंद्र कश्यप निभाएंगे। इस महाकुंभ में दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर प्रदेश से कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। आयोजकों का दावा है कि यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का बड़ा मंच बन चुका है, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान महर्षि कश्यप के जीवन, उनके आदर्शों और प्रेरणादायक प्रसंगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। समाज के लोगों को शिक्षा, संगठन और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया जाएगा। खास तौर पर युवाओं को जागरूक कर समाज को नई दिशा देने पर जोर रहेगा।



### बड़े स्तर पर होगी हर वर्ग की भागीदारी : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम :** इस आयोजन में महिलाओं, बुजुर्गों और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गाजियाबाद और आसपास के जिलों से संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल के अनुसार, कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रामलीला मैदान में विशाल पंडाल, बैठने की व्यवस्था और सुविधाओं को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही प्रशासन के साथ समन्वय कर सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और पार्किंग की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### प्रदेश में बना पहचान का मंच

करंट क्राइम : मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप महाकुंभ अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, युवाओं को शिक्षा और संस्कारों के प्रति प्रेरित करना और महर्षि कश्यप के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की। प्रेसवार्ता के दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा, डॉ. सागर कश्यप, मास्टर मनोज नागर, पवन कश्यप, सौरभ जायसवाल, अनुज मित्तल सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पश्चिम यूपी में सपा का बड़ा दांव नसीमुद्दीन सिद्दीकी संभालेंगे मोर्चा

### मेरठ, गाजियाबाद से बुलंदशहर तक करेंगे फोकस

### दस अप्रैल के बाद शुरु होंगे कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश में बड़ा राजनीतिक दांव चलने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के मुताबिक, नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिम यूपी में सक्रिय भूमिका दी जा सकती है, जहां वे मेरठ से लेकर बुलंदशहर तक संगठन और चुनावी रणनीति को धार देंगे। हाल ही में अखिलेश यादव की दादरी रैली के बाद पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले का दूसरा चरण शुरू करने की तैयारी है।

इसी कड़ी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिम यूपी में उतारने की रणनीति सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 10 अप्रैल के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी पश्चिम उत्तर प्रदेश में पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आएंगे। उनके कार्यक्रम मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़ और बुलंदशहर सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। वे न सिर्फ जनसभाएं करेंगे, बल्कि विधानसभा स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने पर भी जोर देंगे।






### सपा को क्यों है बड़े मुस्लिम चेहरे की जरूरत

करंट क्राइम : सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के जेल में होने के कारण पार्टी को पश्चिम यूपी में एक प्रभावशाली मुस्लिम चेहरे की कमी महसूस हो रही थी। ऐसे में नसीमुद्दीन सिद्दीकी की एंट्री को उसी खाली स्थान को भरने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में करीब 19% मुस्लिम वोट बैंक है, जिस पर सपा के अलावा कांग्रेस, बसपा और अन्य भी नजर बनाए हुए हैं। ऐसे में सपा का यह कदम सीधे तौर पर चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। अखिलेश यादव लगातार अपने पीडीए फॉमूर्ले को मजबूत करने में जुटे हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिम यूपी में सक्रिय कर पार्टी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के बीच बेहतर तालमेल बनाने की कोशिश कर रही है।

### मिनी सीएम की छवि का फायदा

करंट क्राइम : राजनीतिक गलियारों में नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कभी मिनी सीएम तक कहा जाता रहा है। उनके अनुभव और प्रशासनिक पकड़ को देखते हुए सपा उन्हें संगठन और चुनावी प्रबंधन दोनों में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। पश्चिम उत्तर प्रदेश, जहां चुनावी समीकरण बेहद जटिल और संवेदनशील माने जाते हैं, वहां सपा का यह दांव आने वाले समय में राजनीतिक माहौल को गरमा सकता है। अब देखना होगा कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी की सक्रियता सपा के पीडीए समीकरण को कितना मजबूत कर पाती है।



# आईएनएस अरिदमन नौसेना में शामिल, बढ़ी भारत की परमाणु ताकत

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी सौंपी, मारक क्षमता में बड़ा इजाफा

**के-15 और के-4 मिसाइलों से लैस अरिदमन, दुश्मनों के लिए चुनौती**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज भारत में बनी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को भारतीय नौसेना को सौंपा। इससे भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ेगी। नौसेना में कमीशन किए जाने से पहले रक्षा मंत्री ने इस स्वदेशी पनडुब्बी की सराहना में कहा, 'अरिदमन' महज शब्द नहीं शक्ति है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में नौसेना के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आयोजन के दौरान भारत की स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। परमाणु शक्ति और बैलिस्टिक मिसाइल से लैस देश की इस तीसरी पनडुब्बी के नौसेना में शामिल होने से सेना की ताकत बढ़ी है। कमीशन किए जाने से पहले रक्षा मंत्री ने आज अपने एक्स हैंडल पर लिखा- 'शब्द नहीं शक्ति है, अरिदमन!'

पानी के भीतर करीब 44 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली अरिदमन का पता लगाना काफी मुश्किल है। के-15 और के-4 जैसी घातक बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस अरिदमन नौसेना की तीसरी ऐसी पनडुब्बी है जो परमाणु ताकत से लैस है। यह तकनीक तमिलनाडु के कलपक्कम में विकसित पुराने नौसैनिक रिएक्टर पर आधारित।

आईएनएस अरिदमन आकार और क्षमता के लिहाज से पहले वाली दोनों पनडुब्बियों से बड़ी और अधिक शक्तिशाली है। इस श्रृंखला में बनाई जा रही चौथी एसएसबीएन फिलहाल समुद्री परीक्षण (सी ट्रायल) के दौर में है। इसे अगले वर्ष नौसेना में शामिल किए जाने की संभावना है। चौथी पनडुब्बी भी अरिदमन श्रेणी की ही होगी।

### अरिदमन से पहले नौसेना के पास कौन सी पनडुब्बियां थीं?

भारत की परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) परियोजना के तहत आईएनएस अरिहंत पहला पोत था। इसके बाद आईएनएस अरिघात को नौसेना में शामिल किया गया था। आईएनएस अरिहंत को जुलाई 2009 में लॉन्च किया गया था जिसे 2016 में नौसेना में शामिल किया गया। दूसरी पनडुब्बी अगस्त 2024 में कमीशन की गई।

### आईएनएस तारागिरी भी कमीशन हुआ, क्या है खासियत?

पनडुब्बी के अलावा भारतीय नौसेना को आज 75 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री वाले युद्धपोत-आईएनएस तारागिरी की सौगात भी मिली।

नौसेना में अरिदमन और तारागिरी की कमीशनिंग ऐसे समय में हुई है, जब क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्यों में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भागीदारी के कारण भारत के पूर्वी तट का रणनीतिक और समुद्री महत्व भी लगातार बढ़ रहा है। प्रोजेक्ट 17ए श्रेणी के चौथे शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी महज एक जहाज नहीं है।

यह 6,670 टन का एक ऐसा प्रतीक है जो 'मेक इन इंडिया' की भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्डों की परिष्कृत इंजीनियरिंग क्षमताओं को दर्शाता है।



**बैलिस्टिक मिसाइल वाली इस पनडुब्बी से भारत की परमाणु प्रतिरोधक और मारक क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगी।**

- पानी के ऊपर इसका वजन लगभग 6,000 टन।
- पूरी तरह जलमग्न होने पर वजन बढ़कर 7,000 टन। (क्योंकि इसमें पानी भर जाता है)।
- करीब 95 से 100 कर्मियों का दल इस पनडुब्बी को संचालित करता है।
- अरिदमन पर नौसेना अधिकारियों के अलावा नाविकों (सेलर्स) की भी तैनाती।
- संचालन में 83 मेगावाट के छोटे परमाणु रिएक्टर (न्यूक्लियर इंजन) का इस्तेमाल।

**आईएनएस तारागिरी :** मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) की ओर से निर्मित यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। इसका आकार और रडार क्रॉस-सेक्शन में उल्लेखनीय कमी इसे घातक स्टील्थ तकनीक से संचालित करने में सक्षम बनाती है। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से युक्त यह जहाज घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को दर्शाता है, जिसमें अब 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) शामिल हैं।

# राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाया

## आम आदमी पार्टी में तेज हुई सियासी हलचल



चड्ढा का जवाब– मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को उच्च सदन में पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया। साथ ही उन्हें सदन में बोलने के लिए समय आवंटित न करने का भी आग्रह किया था।पार्टी के इस एक्शन के बाद से राघव चड्ढा चर्चा में आ गए हैं। आप राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने आरोप लगाया है कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था तो चड्ढा ने उस पर सिग्नेचर भी नहीं किए थे। आइए जानते हैं, कौन हैं राघव चड्ढा जो कभी अरविंद केजरीवाल के खास लोगों में शामिल थे।

### दिल्ली से शुरूआती शिक्षा

राघव चड्ढा 11 नवंबर 1988 को दिल्ली में जन्मे। उन्होंने अपनी स्कूलिंग दिल्ली पब्लिक स्कूल से की। राजनीति में आने से पहले राघव चड्ढा ने2009 में डीयू से कॉमर्स में ग्रेजुएशन की। 2011 में उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की और डेलॉइट और ग्रांट थॉर्नटन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में काम किया। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एक एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम भी पूरा किया।

### 2020 में बने विधायक

अन्ना आंदोलन के बाद राघव चड्ढा आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनकी प्रभावी भाषण शैली ने उन्हें जल्दी ही मजबूत प्रवक्ता बना दिया। 2019 में वे साउथ दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़े, जहां से उन्हें भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने मात दी।

**'मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना': राघव चड्ढा**

चड्ढा ने आगे कहा कि वह हमेशा संसद में जनता के मुद्दे उठाते रहे हैं, आप सांसद ने कहा कि उनके अधिकार छीने जा रहे हैं, लेकिन उन्हें उनकी चुप्पी को हार नहीं समझना चाहिए। और जिन लोगों ने आज संसद में बोलने का मेरा अधिकार छीन लिया, मुझे चुप करा दिया। मैं उनसे भी कुछ कहना चाहता हूं। मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना। मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। आप सांसद ने जोर देकर कहा कि संसद में उनके हस्तक्षेप रोजमर्रा की चिंताओं पर केंद्रित होते हैं, जैसे हवाई अड्डों पर खाने की ज्यादा कीमतें, डिलीवरी कर्मचारियों को पेश आने वाली चुनौतियां, खाने में मिलावट, टोल और बैंकिंग शुल्क, कंटेंट बनाने वालों पर पड़ने वाले टैक्स के मुद्दे, और टेलीकॉम कंपनियों की ऐसी हरकतें जैसे बार-बार रिचार्ज करवाना और डेटा रोलओवर की सुविधा न देना।

**अभिनेत्री परिणीति से की है शादी**

राघव चड्ढा ने बॉलीवुड अदाकारा परिणीति चोपड़ा से शादी की है। दोनों की पहली मुलाकात लंदन में हुई थी। मई 2023 में राघव और परिणीति ने दिल्ली में सगाई कर ली। 24 सितंबर 2023 में उदयपुर के लीला पैलेस में राघव और परिणीति की शादी हुई थी। 19 अक्तूबर 2025 को दंपती एक बच्चे के माता पिता बने।

**क्यों हुई केजरीवाल से दूरी**

दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया।

# होर्मुज संकट पर सरकार के साथ कांग्रेस

**आनंद शर्मा बोले– कूटनीति पर राजनीति नहीं, राष्ट्रीय एकता और प्रवासियों की सुरक्षा सबसे जरूरी**



**नई दिल्ली।** होर्मुज संकट पर कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनयिक और अधिकारी हालात को कुशलता से संभाल रहे हैं और इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शर्मा ने राष्ट्रीय एकता, लगातार संवाद और भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा पर जोर दिया।

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। आनंद शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा।

आनंद शर्मा ने कहा कि भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। उनके मुताबिक भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# चाय की दुकान पर रुका डिप्टी सीएम केशव प्रसाद का काफिला, कार्यकर्ताओं के साथ की चाय पर चर्चा



**प्रयागराज।** केशव प्रसाद मौर्य का काफिला साईं मंदिर के पास दीपक टी स्टॉल पर अचानक रुक गया। जहां महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय द्विवेदी व अन्य कार्यकताओं के साथ चाय पर उन्होंने चाय पर चर्चा की।

केशव प्रसाद मौर्य का काफिला साईं मंदिर के पास दीपक टी स्टॉल पर अचानक रुक गया। जहां महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय द्विवेदी व अन्य कार्यकताओं के साथ चाय पर उन्होंने चाय पर चर्चा की। 2027 में 2017 से बड़ी जीत का दावा करते हुए अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। आईपीएस केके विश्नोई की शादी में जाने पर सपा विधायकों से जवाब मांगने पर केशव प्रसाद मौर्य ने इसे घटिया राजनीति बताते हुए अखिलेश यादव पर तंज कसा। कहा कि इस तरह की राजनीति की जितनी भी निंदा की जाए कम है। कहा कि दल, जाति और धर्म की सीमा से ऊपर उठकर लोग शुभाकामनाओं के लिए जाते हैं। इसको के नजर से नहीं देखना चाहिए। कहा कि चार मई को आने वाले नतीजे में असम में तीसरी बार भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनने जा रही है। कहा कि इस बार ममता बनर्जी को भाजपा हराकर पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार बनाने जा रही है।

बंगला की जनता ममता बनर्जी से त्रस्त है। तमिलनाडु में भी भाजपा का परचम लहराएगा। केशव बोले कि इस समय पूरा भारत भाजपा मय है और मोदी मय है। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित महानगर, गंगापार और यमुनापार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं को संबोधित करने पहुंचे थे।

# दिल्ली में ड्रग्स पर बड़ी कार्रवाई, चार तस्कर गिरफ्तार

**दो जगहों से 311 ग्राम से ज्यादा स्मैक बरामद, सप्लाई नेटवर्क की जांच तेज**



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नशा तस्करी पर कार्रवाई करते हुए दो जगहों से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 311.61 ग्राम स्मैक, नकदी और उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में सप्लाई नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिसकी जांच जारी है। दिल्ली पुलिस नशे की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने दिल्ली के दो अलग अलग जगहों पर तीन तस्कर और एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 311.61 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर पूरे सिंडिकेट के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 30 मार्च को नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक स्कूटी पर सवार दो लोगों को सेक्टर-5 बवाना के पास पकड़ा। वह जेजे कॉलोनी बवाना की ओर जा रहे थे। पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

उन्होंने बताया कि वह अपने साथ स्मैक ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान मोहम्मद रियाज और रियाज आलम के रूप में हुई। इनकी तलाशी लेने पर मोहम्मद रियाज के पास से 264.42 ग्राम स्मैक, मोबाइल फोन और 35 सौ रुपये जबकि रियाज आलम के कब्जे से 18.73 ग्राम स्मैक और मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने उनकी स्कूटी भी जब्त कर ली। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह जेजे कॉलोनी बवाना में स्मैक की सप्लाई करने आए थे। पुलिस स्मैक के सप्लायरों की पहचान करने में जुटी है। वहीं देशबंधु गुप्ता रोड थाना पुलिस ने स्मैक की तस्करी और सप्लाई करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 28.46 ग्राम स्मैक, वजन करने वाली मशीन और नकदी बरामद की है।

गिरफ्तार सप्लायर की पहचान मोहम्मद इमरान और तस्कर की आशीष उर्फ चंगू के रूप में हुई। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि 31 मार्च को पुलिस टीम किशनगंज लोको रेलवे कॉलोनी के पास गश्त कर रही थी। पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को लोगों के बीच घिरा हुआ पाया। पुलिस ने संदिग्ध को पकड़ लिया। जिसकी पहचान आशीष उर्फ चंगू के रूप में हुई।

# मेरठ में गंगा घाट पर हादसा, चार युवक डूबे

## अंतिम संस्कार के बाद स्नान के दौरान हादसा, एक युवक बचा, चार लापता



**मेरठ।** मेरठ के हस्तिनापुर क्षेत्र के मखदुमपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में आए चार युवक गंगा में डूब गए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश अभियान जारी है, लेकिन देर शाम तक युवकों का पता नहीं चल सका। मेरठ जिले के हस्तिनापुर क्षेत्र स्थित मखदुमपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अंतिम संस्कार में शामिल होने आए चार युवक गंगा नदी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया, हालांकि देर शाम तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

**अंतिम संस्कार के बाद गंगा में स्नान के दौरान हादसा :** मिली जानकारी के अनुसार थाना लावड़ क्षेत्र के जलालपुर गांव के कुछ लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मखदुमपुर गंगा घाट पहुंचे थे। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वहां मौजूद कुछ युवक गंगा में स्नान करने लगे। इसी दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**पांच युवक उतरे थे गंगा में, एक को बचाया गया**

ग्रामीणों के मुताबिक करीब पांच युवक गंगा में उतरे थे। इनमें से एक युवक को उसके साथियों ने किसी तरह बाहर निकाल लिया, जबकि चार युवक तेज बहाव और गहरे पानी में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया गया।

**मौके पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी**

घटना की जानकारी लगते ही एसडीएम संतोष कुमार तहसीलदार निरंकार सिंह व सीओ पंकज लवानिया मौके पर पहुंचे हैं। गंगा में डूबे युवकों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अभी तक चारों में से किसी भी युवक का कोई पता नहीं लग सका है। प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# तमिलनाडु चुनावः भाजपा ने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी




**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 27 प्रत्याशियों की सूची जारी। इसमें पूर्व राज्यपाल भी शामिल हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में कुछ दिन ही बचे हैं। इसी बीच भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को भाजपा ने टिकट दिया है। वह मायलापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही है। वहीं, डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने अविनाशी (एससी) सीट से टिकट दिया है। वह वर्तमान में सूचना एवं प्रसारण; एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वह मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया। वहीं, वनाथी श्रीनिवासन को कोयंबटूर (उत्तर) सीट से चुनावी मैदान में है। उन्होंने पिछले चुनाव में इस सीट पर कमल हासन को हराया था। वर्तमान में वह भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी है। नैनार नागेंद्रन को सातुर विधानसभा सीट से टिकट मिला है। वह अभी राज्य में भाजपा अध्यक्ष हैं।

विलावनकोड सीट से एस. विजयधारणी से चुनावी मैदान में हैं। वह 2021 में कांग्रेस के टिकट पर जीती थीं।

# असम में योगी का हमला, कांग्रेस-यूडीएफ पर साधा निशाना

**घुसपैठ और डेमोग्राफी बदलने के आरोप, भाजपा के समर्थन की अपील**



**लखनऊ।** असम में जनसभा के दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस और यूडीएफ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने घुसपैठ, जनसंख्या बदलाव और सांस्कृतिक संरक्षण का मुद्दा उठाया। भाजपा सरकार को विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी बताया तथा असम में दोबारा समर्थन की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को असम के चुनावी रण में उतरे। एनडीए उम्मीदवार दीपक कुमार दास के पक्ष में बारपेटा में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि यूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है।

उन्होंने असमवासियों से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया और कहा कि घुसपैठियों को बाहर करना है और असम की डेमोग्राफी को बदलने नहीं देना है। एनडीए का संकल्प है कि असम को लव जेहाद-लैंड जेहाद की धरती नहीं बनने देंगे। यहां घुसपैठ नहीं होने देंगे। कांग्रेस व यूडीएफ की घुसपैठियों के जरिये डेमोग्राफी बदलने की साजिश सफल नहीं होने देंगे। एक-एक घुसपैठी को चिह्नित कर यहां से बाहर करने की भी व्यवस्था हो रही है।

असम में घुसपैठ की जननी है यूडीएफ, कांग्रेस उसकी सहयोगी सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने तय किया है कि असम को घुसपैठ का अड्डा नहीं बनने देंगे और दंगाइयों को निकाल बाहर करेंगे। कांग्रेस व यूडीएफ को जब भी अवसर मिला, इन्होंने भारत व भारतीयता को अपमानित किया। यूडीएफ असम में घुसपैठ की जननी है। घुसपैठियों के बल पर असम की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। कांग्रेस उनकी सहयोगी बनकर असम की संस्कृति से खिलवाड़ कर रही है। वहीं एनडीए सरकार असम की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए हर घुसपैठिए को बाहर कर डेमोग्राफी को चेंज करने की साजिश को विफल कर रही है।

# दरभंगा में दिनदहाड़े 2 करोड़ की ज्वेलरी लूट, बदमाश फरार

## बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल के बल पर प्रेम ज्वेलर्स को बनाया निशाना



**दरभंगा।** दरभंगा के बड़ा बाजार में शुक्रवार दोपहर में बाइक सवार चार अपराधियों ने प्रेम ज्वेलर्स नाम की दुकान से दो करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपये नकद लूट लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीआईजी और एसपी मौके पह पहुंचकर जांच में जुट गए। दरभंगा के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है।

बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब दो करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। इलाकों की घेराबंदी करअपराधियों की तलाश तेज सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी और डीआईजी मनोज तिवारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के इलाकों की घेराबंदी करते हुए अपराधियों की तलाश तेज कर दी है। साथ ही, आसपास की दुकानों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। स्थानीय दुकानदार के.के. भगत ने बताया कि करीब आधा दर्जन बाइक सवार अपराधी प्रेम ज्वेलर्स में घुसे और दुकान में रखी ज्वेलरी बैग में भरने लगे। इस दौरान गेट पर खड़े दो अपराधी आने-जाने वालों पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि अपराधी उनके हाथ में पकड़े मोबाइल पर नजर बनाए हुए थे, जिससे वे किसी को फोन नहीं कर पा रहे थे। तभी उन्हें समझ में आ गया कि यह लूट की घटना है।

दुकान के मालिक ने क्या कहा?

प्रेम ज्वेलर्स के मालिक मनोज ठाकुर ने बताया कि उनका ज्वेलरी का होलसेल का कारोबार है।

प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी वे दुकान में बैठे थे। दोपहर में नकाब पहने चार अपराधी दुकान में घुसे और पिस्टल के बल पर करीब दो करोड़ रुपये की ज्वेलरी और 20 से 25 लाख रुपये नगद लूटकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि लूट की राशि और बढ़ भी सकती है, क्योंकि अभी पूरी गणना करने में समय लगेगा।

**अपराधियों ने पहले से रेकी कर वारदात को दिया अंजाम**

प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने पहले से रेकी कर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल घटना को लेकर स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है।

**पांच साल पहले भी हुई थी ऐसी ही लूट**

बताया जाता है कि इसी इलाके में करीब पांच साल पहले लाट मार्केट स्थित संतोष लाट की दुकान ह्यअलंकार ज्वेलर्सह्न में भी दिनदहाड़े पांच करोड़ रुपये से अधिक की ज्वेलरी लूट ली गई थी। हालांकि, दरभंगा पुलिस ने बाद में इस मामले का उद्भेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

# मालदा घटना पर सियासत तेज, ममता ने भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप

## सीआईडी की कार्रवाई में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एनआईए ने जांच शुरू की



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले सीएम ममता ने मालदा घटना को साजिश बताते हुए भाजपा पर बाहरी लोगों से हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। सीआईडी ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जांच शुरू की है।

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। ममता बनर्जी ने कहा कि मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी, जिसका उद्देश्य राज्य में अशांति फैलाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए बाहर से लोगों को बुलाया गया था।

घटना की जांच सीआईडी कर रही हाजरीपाड़ा मैदान में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया, मालदा की घटना की जांच सीआईडी कर रही है। लोगों को मुंबई से लाया गया था और पूरी योजना पहले से तैयार की गई थी। जहां एनआईए उन्हें पकड़ने में नाकाम रही, वहीं हमारी सीआईडी ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, यह घटना उस समय हुई जब बड़ी संख्या में लोग चुनावी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

**भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही**

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बीजेपी इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर प्रशासनिक तबादलों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि 506 अधिकारियों के ट्रांसफर में से 483 केवल बंगाल से हैं, जिसमें डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अहम पद भी शामिल हैं।

ममता बनर्जी ने मतदाताओं, खासकर महिलाओं से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि मतदान के दिन झाड़ू लेकर निकलें और वोट के जरिए जवाब दें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों, खासकर सीआरपीएफ, का इस्तेमाल बीजेपी के पक्ष में किया जा सकता है।

**एनआईए ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की**

इस बीच, राज्य सीआईडी ने बागडोगरा एयरपोर्ट से वकील और पूर्व अक्क्क उम्मीदवार मोफक्कारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है, जिसे इस साजिश का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। वहीं, चुनाव आयुक्त के निर्देश और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनआईए ने इस मामले में प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस घटना को न्यायिक अधिकारियों को डराने और उनके काम में बाधा डालने की सोची-समझी कोशिश बताया है और केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने को कहा है। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम जल्द ही मालदा पहुंचकर जांच शुरू करेगी। स्थानीय पुलिस अब तक इस मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें आईएसएफ उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली भी शामिल हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 04 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Anil Singh Khera
1d ·

बेटी के विवाह के उपरांत ,गंगा स्नान व भगवान सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण करने की परम्परा का निर्वहन ,कल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर परिजनों के साथ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.. भगवान सत्य नारायण की कृपा सभी पर बनी रही..... more



## क्या टूटी सड़कों की स्थिति को लेकर अधिकारी कर चुके हैं सरेंडर

# गोविन्दपुरम की सभी सड़कें हैं क्षतिग्रस्त, नहीं हो रहा कोई टेण्डर!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क निर्माण विकास की सबसे पहली और अनिवार्य शर्त है। किसी भी क्षेत्र में जब विकास कदम रखता है तो उसके कदमों के लिए सड़क चाहिए होती है। यही वजह है कि जब कोई आवासीय कॉलोनी विकसित होती है तो वहां की सड़कों की गुणवत्ता बताई जाती है। जब कोई औद्योगिक क्षेत्र विकसित होता है तो रोड कनैक्टिविटी का मैप जरूर देखा जाता है। सड़कों की हालत से क्षेत्र का विकास आंका जा सकता है। लेकिन गाजियाबाद के गोविन्दपुरम इलाके में इन दिनों सड़क वाला विकास क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़कों पर गड्ढे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि ये गड्डे किसी एक सड़क पर नहीं है बल्कि पूरे गोविन्दपुरम की सड़कों पर गड्ढे हैं। वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और लोग अब इस स्थिति से तंग आ गये हैं।

गोविन्दपुरम क्षेत्र के लोगों ने दैनिक करंट क्राइम के साथ इस समस्या को साझा किया। पाठकों ने बताया कि पहले भी यहां टूटी सड़कों के फोटो दिये थे। वो बता रहे हैं कि सड़कों की हालत खराब है। सड़कों के हालात बिगड़े हुए हैं और उन्होंने बाकायदा एक एक सड़क का ब्यौरा दिया और फिर एक एक बिन्दु को फोकस दिया। दैनिक करंट क्राइम ने पाठकों की इस बात पर संज्ञान लिया और ग्राउंड रियलिटी चैक किया। जब मौके पर जाकर देखा गया तो वास्तव में सड़कों की हालत ठीक नहीं है। अधिकांश सड़के टूटी हुई हैं। चाहे वो दुहाई जाने वाला रास्ता या एनडीआरएफ की सड़क हो। इम्पीरियल वाली सड़क हो। गोविन्दपुरम में अंदर के मोहल्ले की सड़कों पर भी काम नहीं हो रहा है। सवाल यही है कि अगर सड़कों की हालत इतनी खराब है तो अधिकारी इस पर संज्ञान क्यों नहीं ले रहे हैं। क्षेत्र के लोग भी चाहते हैं कि कम से कम अधिकारी यहां की टूटी सड़कों को लेकर संज्ञान लें ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। उनका मानना है कि अगर अधिकारी भी इस तरह से सरेंडर करेंगे तो फिर सड़कों का टेंडर नहीं होगा। यदि अधिकारी संज्ञान लेंगे तो सड़कों की सुविधाएं पुनः बहाल हो सकती हैं। लोगों को राहत मिल सकती है।



एनडीआरएफ से रईसपुर जाने वाली सड़क



दुहाई फाटक से मेरठ रोड जाने वाली सड़क



एलजी शोरूम गोविंदपुरम से ब्राइटलैंड स्कूल जाने वाली रोड



सदरपुर गांव के सामने से रईसपुर जाने वाली रोड



मधुवन थाने वाली सड़क



कर्पूरीपुरम पेट्रोल पंप रोड



गोविंदपुरम पीएसी के पीछे वाली रोड



एनडीआरएफ रोड



मैक्सवेल हॉस्पिटल गोविन्दपुरम से बस अड्डे वाली रोड



एलजी शोरूम गोविन्दपुरम से ब्राइटलैंड स्कूल जाने वाली रोड



एनडीआरएफ से मधुवन बापू धाम थाना जाने वाली सड़क



गोविंदपुरम सीएनजी पंप से कर्पूरीपुरम जाने वाली सड़क

### गोविन्दपुरम की इन सड़कों हालत है खराब

करंट क्राइम। पाठकों ने जिन सड़कों की स्थिति को साझा किया है उन सड़कों की हम तस्वीरें साझा कर रहे हैं। सड़कों की बात करें तो हरसांव पुलिस लाईन से गोविन्द पुरम मधुबन बापूधाम थाने होते हुए मेरठ रोड वाला रास्ता खराब है। गोविन्दपुरम सीएनजी पम्प से कर्पूरीपुरम पेट्रोल पम्प वाला रास्ता भी खराब है। गोविन्दपुरम पीएसी से बराबर वाला और पीछे वाला रास्ता गड्ढों से भरपूर है। खराब सड़कों की सूची में मैक्सवेल हॉस्पिटल गोविन्दपुर से गोविन्दपुरम बस अड्डे वाला रास्ता टूटा फूटा है। खराब रोड में हापुड़ रोड से एलजी शोरूम होकर ब्राईट लैंड स्कूल वाला रास्ता खराब है। सदरपुर गांव के सामने से रईसपुर वाला रास्ता एनडीआरएफ से रईसपुर वाला रास्ता टूटा हुआ है। जनहित कॉलेज से दुहाई गांव को जाने वाला रास्ता खराब है। दुहाई गांव फाटक से मेरठ रोड का रास्ता पिछले 10 साल से टूटा हुआ है। लेकिन इस रास्ते का सुधार नहीं हो रहा है।

### क्या जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया प्रस्ताव या अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान

करंट क्राइम। सड़क सुधार की बात करें तो यहां एक सरकारी तकनीकी पेंच क्षेत्र का पड़ता है। कहीं क्षेत्र जीडीए का है कहीं नगर निगम का है। तो कहीं ये देहात क्षेत्र आता है कहीं नगरीय क्षेत्र आता है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस पूरे रास्ते से जनप्रतिनिधि भी गुजरते होंगे। क्या जनप्रतिनिधि ने अपनी निधि से इन सड़कों की हालत सुधरने के लिए कोई प्रस्ताव दिया। क्या किसी पार्षद ने विधायक ने सांसद ने एमएलसी ने कोई पत्र लिखा। क्या किसी जनप्रतिनिधि ने अपनी निधि से यहां सड़कों की हालत सुधरने के लिए कोई प्रस्ताव दिया। अगर दिया है तो उस पर अमल क्यों नहीं हुआ और अगर नहीं दिया तो फिर ये सवाल है कि क्यों नहीं दिया।

# भाजपा की प्रदेश और क्षेत्रीय टीम में क्या आयेगा इन चेहरों का नाम

## राजनीतिक क्षेत्र में लम्बे समय से संघर्षरत हैं ये चेहरे और किया है इन्होंने हमेशा संगठन के लिए काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में समायोजन का अपना महत्व होता है। समायोजन के बाद कोई आयोजन होता है। आयोजन और समायोजन का एक प्रयोजन होता है। इसी का नाम राजनीति है। भाजपा की राजनीति की बात करें तो यहां उसकी जिला और महानगर टीम घोषित हो चुकी है। अध्यक्ष पहले ही घोषित हो गये थे और अब महामंत्री, उपाध्यक्ष सहित कई पदों पर कई लोग समायोजित हुए हैं। महानगर और जिले की लिस्ट आने के बाद अब उन चेहरों को लेकर चर्चा हो रही है जो नयी हवा की नयी भाजपा में एक नयी ईबारत लिख सकते हैं। कुछ चेहरे महानगर की टीम से आये हैं, कुछ जिले की टीम से आये हैं, कुछ का समायोजन महानगर की टीम में ही हो गया है और कुछ को जिले की टीम में समायोजित किया गया है। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष नये हैं,प्रदेश अध्यक्ष नये हैं और अब क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार हो रहा है। ऐसे में जो क्षेत्रीय अध्यक्ष बनेगा उनका स्वागत होगा। प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा पहले ही हो चुकी है। अब प्रदेश और क्षेत्र की टीम का इंतजार हो रहा है। कौन से चेहरे क्षेत्रीय टीम में नजर आयेंगे और किन चेहरों को प्रदेश वाली टीम में लिया जायेगा, इस पर अभी कयास चल रहे हैं। जो चेहरे आना चाहते हैं उनके प्रयास चल रहे हैं। राजनीति में पद का होना जरूरी होता है, यहां दायित्व का होना जरूरी होता है। आज बात उन चेहरों की करेंगे जो प्रदेश टीम में आ सकते हैं। जिनके नाम पर मोहर लग सकती है और जो प्रदेश वाली टीम की मानकों वाली लिस्ट पर खरे उतर रहे हैं।

### पूर्व मेयर अशु वर्मा के नाम पर होगा कितना विचार



करंट क्राइम। अशु वर्मा भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। भाजपा युवा मोर्चा से शुरूआत हुई है और वो महानगर के मेयर रहे हैं। महज 17 प्रतिशत मतदान के बाद 40 हजार से भी ज्यादा वोटों से जीतने का रिकॉर्ड उनके नाम है। जनमुददों पर हमेशा एक्टिव रहते हैं। जनभावनाओं को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करते हैं। चर्चा उनके क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने को भी लेकर है और ये चेहरा भाजपा की प्रदेश टीम में जायेगा या क्षेत्रीय टीम में आयेगा ये देखने की बात है।

### वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को कहां मिलेगा स्थान



करंट क्राइम। अगर भाजपा के किसी पीढी दर पीढी राजनीतिक कार्यकर्ता की बात हो तो वो नाम वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों का है। उनके पिता भाजपा में रहे। वेदप्रकाश गर्ग स्वयं एक ऐसे नेता हैं जो गर्व से अपने पास भाजपा कार्यकर्ता वाला विजिटिंग कार्ड रखते हैं। मेयर टिकट की प्रबल दावेदारी में नाम रहा है। वेद प्रकाश गर्ग को प्रदेश या क्षेत्रीय टीम में संगठन कहां समायोजित करेगा ये देखने की बात है। ये नाम अपने प्रोफाईल से मजबूत है। ये नाम भाजपा की कार्यकर्ता विरासत का नाम है। जहां तक कद की बात है तो प्रदेश और क्षेत्र में दावेदारी बनती है।

### दलित चेहरे के रूप में सुशील गौतम का नाम होगा कितना फलित



करंट क्राइम। सुशील गौतम भाजपा की दलित राजनीति का सौम्य और उच्च शिक्षित चेहरा हैं। पेशे से अधिवक्ता हैं और हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखते हैं, विवाद से दूर और अपने काम से काम रखते हैं। कई अध्यक्षों के साथ महामंत्री रहे हैं, उपाध्यक्ष रहे हैं और अब ये चेहरा महानगर टीम में नही है। ऐसे में क्षेत्रीय टीम में दलित वाले फ्रेम में उनका नाम कितना फलित होगा ये देखने की बात है।

### डा.अशोक नागर के नाम पर क्या बनेगी सहमति



करंट क्राइम। डा. अशोक नागर एमएलसी चुनाव लड़ चुके हैं। क्षेत्रीय स्तर की राजनीति का अनुभव है, क्षेत्र की जानकारी है और ये चेहरा क्षेत्रीय टीम में आ सकता है।

### जिले की कमान संभालने वाले सतपाल प्रधान



करंट क्राइम। सतपाल प्रधान भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। वो सक्रिय नेताओं की गिनती में आते हैं ।क्या पूर्व जिलाध्यक्ष को क्षेत्रीय टीम में कोई कमान मिलेगी।

### बसंत त्यागी को मिलेगा क्या स्टेट में प्रमोशन



करंट क्राइम। ये वो नाम है जो भाजपा की राजनीति का सौम्य और शालीन चेहरा हैं। एक एक शब्द को नाप तोलकर बोलते हैं। विवादों से हमेशा दूर रहते हैं। बसंत त्यागी का प्रोफाईल मजबूत है, वो भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। वो क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और वर्तमान में प्रदेश मंत्री हैं। क्या इस चेहरे को भाजपा प्रदेश टीम में लेने जा रही है।

### पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को प्रदेश टीम में लायेगी भाजपा



करंट क्राइम। प्रशांत चौधरी का पॉलिटिकल प्रोफाईल मजबूत है। ब्लॉक प्रमुख से उन्होंने अपना सियासी कैरियर शुरू किया था। वो विधान परिषद सदस्य रहे हैं। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत से विधायक रही हैं। राजनीतिक प्रोफाईल की बात करें तो ये चेहरा मजबूत चेहरा है। एक लम्बे समय से दायित्व का इंतजार कर रहे हैं। क्या इस चेहरे को भाजपा प्रदेश टीम में लायेगी।

### पवन गोयल को मिलेगा क्या मुकाम



करंट क्राइम। अगर प्रदेश टीम में जाने वाले गाजियाबाद के भाजपाई चेहरों की बात हो तो यहां पवन गोयल के नाम को इग्नोर नही किया जा सकता। सबसे कम उम्र के पार्षद रहे हैं। भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रहे हैं। विधानसभा की दावेदारी में प्रबलता से नाम चला है। मोर्चा और प्रकोष्ठ से जुड़ी जिम्मेदारियां संभाली हैं। वर्तमान में जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। प्रदेश टीम वाले चेहरों में इस नाम की भी चर्चा है।

### राजा वर्मा को प्रदेश टीम में मिला क्या स्थान



करंट क्राइम। भाजपा की राजनीति की बात करें तो राजा वर्मा ने कार्यकर्ता से सफर शुरू किया और वो प्रदेश स्तर तक पहुंचे हैं। वो लगातार तीन बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वो कृषक स्मृद्धि आयोग के सदस्य रहे हैं। वर्तमान में वो रामपुर के प्रभारी हैं। राजा वर्मा ऊर्जावान नेता हैं और वो भाजपा की रणनीतिक टीम का हिस्सा हैं। प्रदेश टीम में उन्हें लिये जाने की चर्चा जोरों पर है। अनुभवी चेहरा हैं और पूर्वांचल से लेकर पश्चिमांचल तक संबंधों का एक नेटवर्क है।

### समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता को मिलेगी क्या प्रदेश और क्षेत्र में जिम्मेदारी



करंट क्राइम। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष रहे हैं। संजीव गुप्ता भाजपा का वो नाम हैं जिन्हें इग्नोर नहीं किया जा सकता। सौम्य व्यवहार और सबको साथ लेकर चलने की कला और पार्टी प्रॉटोकॉल के भीतर काम करने की एक आदत। ये सब वो बातें हें जो संजीव गुप्ता को सक्रिय चेहरे के रूप में सामने लाती है। उन्हें क्षेत्रीय टीम में भी जिम्मेदारी मिल सकती है। वो प्रदेश टीम में भी जा सकते हैं।

### प्रदेश टीम में क्या रहेगा मानसिंह गोस्वामी का रूल



करंट क्राइम। भाजपा की प्रदेश टीम घोषित होने को है। प्रदेश टीम में अनुभवी चेहरों को लेकर अब चुनावी रणनीति पर काम शुरू होगा। कौन चेहरा कहां होगा, इस चर्चा के बीच एक नाम मानसिंह गोस्वामी का भी आता है। मजबूत प्रोफ़ाईल है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा की क्षेत्रीय टीम में उपाध्यक्ष हैं और चुनाव प्रचार का बहुत ही विषद अनुभव है। चुनावी रणनीतिक टीम का बड़ा चेहरा हैं। प्रदेश टीम में जानेकी पूरी योग्यता रखते हैं। ये चेहरा भाजपा को कितना सियासी लाभ देगा।

### अजय शर्मा को मिलेगा टिकट या रहेंगे संगठन के निकट



करंट क्राइम। अजय शर्मा भाजपा महानगर टीम के अध्यक्ष रहे हैं। इससे पहले विभिन्न दायित्वों पर रहे हैं। सरकार आते ही गलती से हुई मिस्टेक में उनकी कुर्सी चली गयी। इसके बाद वो क्षेत्रीय टीम में रहे हैं। भाजपा के लिए आउट डोर चुनाव प्रचार संभालते हैं। वर्तमान में सदस्यता अभियान से जुड़ा दायित्व है। प्रदेश स्तरीय दायित्व को संभाल रहे हैं और बताया ये जाता है कि उन्होंने फिर से नदियापार में कार्यालय खोला है। इस कार्यालय की कनैक्टिविटि उनकी दावेदारी से जोड़कर देखी जा रही है। ऐसे में ये सवाल है कि क्या वो टिकट के निकट रहेंगे या फिर दावेदारी वाले फ्रेम में आयेंगे।

### ब्रजपाल तेवतिया को मिलेगा क्या प्रदेश टीम में स्थान



करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजपाल तेवतिया चुनाव के खिलाड़ी हैं। दिग्गजों के सामने मजबूती से चुनाव लड़ा है। किसानों की बेहतर नब्ज जानते हैं। सम्पर्कों का एक नेटवर्क उनके पास है। इस चेहरे पर भी पार्टी मेहरबान हो सकती है, क्षेत्रीय टीम में कन्सीडर हो सकते हैं।

### क्या रहेगा पृथ्वी सिंह कसाना का प्रदेश और क्षेत्र में फसाना



करंट क्राइम। पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा के बौद्धिक चिंतन वाली राजनीति का चेहरा हैं। शिक्षविद् हैं और लोनी से दावेदारी भी कर चुके हैं। पिछला कार्यकाल प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य के तौर पर पूरा किया है। इस बात उनकी राजनीति का क्या फसाना रहेगा।

### परमिन्दर जांगड़ा के नाम पर कितना विचार



करंट क्राइम। परमिन्दर जांगड़ा भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। वो क्षेत्रीय टीम में भी रहे हैं। अब जब क्षेत्र और प्रदेश में टीम गठित होनी है तो परमिन्दर जांगड़ा के नाम पर कितना विचार होगा। वो एक ऐसा चेहरा हैं जो संगठन की बारिकियों को जानते हैं।

### पूर्व खोड़ा चेयरमैन रीना भाटी को मिलेगी क्या जगह



करंट क्राइम। प्रदेश की टीम की बात चल रही है और यहां अगर ओबीसी फैक्टर की बात करें , यहां महिला फैक्टर की बात करें तो खोड़ा नगरपालिका की चेयरपर्सन रह चुकी रीना भाटी का नाम भी चर्चाओं में हैं। पार्टी यहां महिला चेहरे को गुर्जर फैक्टर में ला सकती है। और रीना भाटी को भी मौका मिल सकता है।

### क्या विजय मोहन को मिलेगी टीम में जगह



करंट क्राइम। विजय मोहन भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वो क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और निगम पार्षद रहे हैं। एक ऐसे कार्यकर्ता हैं जो स्वयं ये कह चुके हैं कि सरकारी कृपा नहीं चाहिए लेकिन पार्टी अगर संगठन में किसी दायित्व में विचार करेगी तो मुझे समझ स्वीकार है। अब प्रदेश और क्षेत्रीय टीम का गठन होना है तो यही देखा जायेगा कि अपने पुराने कार्यकर्ता को पार्टी ने कहां समायोजित किया है।

### क्या मिलेगा पप्पू पहलवान को क्षेत्रीय टीम में स्थान



करंट क्राइम। पप्पू पहलवान भाजपा की राजनीति का एक मजबूत नाम हैं। निगम पार्षदी से सफर शुरू किया और भाजपा में पावरफुल महामंत्री का खिताब उनके नाम है। पब्लिक के बीच एक्टिव रहते हैं। ये चेहरा क्षेत्रीय टीम में आने की पूरी योग्यता रखता है।

### क्या गोपाल अग्रवाल होंगे क्षेत्रीय टीम का चेहरा



करंट क्राइम ।गोपाल अग्रवाल भाजपा के महानगर महामंत्री रहे हैं। कप्तान बदले तो उनकी भी बदली हो गयी। क्या गोपाल अग्रवाल को क्षेत्रीय टीम में स्थान मिलेगा। मेहनती नेता हैं और पार्टी प्रॉटोकॉल को फोलो करते हैं।

### प्रेम त्यागी का रहेगा क्या किरदार



करंट क्राइम ।पुराने कार्यकर्ताओं की बात करें तो प्रेम त्यागी भाजपा की राजनीति का अहम चेहरा हैं ।युवा मोर्चा में रहे हैं, वो अलग अलग दायित्वों पर रहे हैं। एक लम्बे समय से कार्यकर्ता के रूप मे भाजपा की सेवा कर रहे हैं। भाजपा की क्षेत्रीय राजनीति में जा सकते है। पुराने चेहरे को मौका मिलना चाहिए।

### क्षेत्रीय टीम में क्या आ सकते हैं अनिल अग्रवाल सांवरिया



करंट क्राइम। भाजपा की वैश्य राजनीति में कई चेहरे एक्टिव हैं लेकिन यहां सबसे उपयुक्त चेहरा अनिल अग्रवाल सांवरिया का है। धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़कर चलते है। एमएलसी चुनाव के भी दावेदार बताये जाते हैं। एक चर्चा ये भी है कि ये नाम क्षेत्रीय या प्रदेश टीम में समायोजित हो सकता है।

### सुरेन्द्र नागर की क्षेत्रीय टीम वाली चर्चा



करंट क्राइम। सुरेन्द्र नागर भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। स्पष्ट वक्ता हैं और अपनी बात को मजबूती से लेते हैं। महानगर की टीम में उनके नाम की प्रबल चर्चा है। ये नाम क्या क्षेत्रीय टीम का हिस्सा बनेगा या प्रदेश टीम में स्थान मिलेगा ये चर्चा का विषय है। सुरेन्द्र नागर मेहनती कार्यकर्ता और सक्रिय रहते हैं।

### लेखराज माहौर के नाम पर होगा कितना गौर



करंट क्राइम। लेखराज माहौर भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं। संघ परिवार की पृष्ठ भूमि हैं और वो अजय शर्मा की टीम में महामंत्री रहे हैं। अजय शर्मा के बाद से ही वो साईड लाईन पर चल रहे हैं। भाजपा का दलित चेहरा हैं और सवाल यही है कि उनके नाम पर कितना गौर होगा।

### सिख कार्ड से होगी क्या एसपी सिंह की एंट्री



करंट क्राइम। एसपी सिंह भाजपा की सिख राजनीति का सबसे प्रमुख चेहरा हैं। वो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रह चुके हैं। अनुभव उनके पास है और वो हमेशा संगठन वाली टीम में बेहतरीन खिलाड़ी साबित होते हैं। सिख फैक्टर वाले कार्ड से एंट्री हो सकती है।

### राजेश त्यागी को क्या मिलेगा क्षेत्रीय टीम में मौका



करंट क्राइम। राजेश त्यागी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। वो भी एक ऐसे महामंत्री हैं, पदाधिकारी हैं जिन्होंने कई अध्यक्षों के साथ काम किया है। फिलहाल वो महानगर की टीम में नहीं हैं। क्या क्षेत्रीय टीम में उन्हें मौका मिलेगा ये देखने की बात है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
04 | शनिवार • 04 अप्रैल -2026

# संवाद

## संपादकीय

# बंगाल चुनाव पर सवाल

मालदा की घटना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी बताती है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए परीक्षा बन चुका है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले जिस तरह के हालात बने हैं, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए बिल्कुल शुभ नहीं माना जा सकता। मालदा के कालियाचक में भीड़ ने 7 न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। घेराव, लगातार विरोध-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसी घटनाओं से जाहिर है कि जमीनी स्तर पर लोगों में को लेकर गंभीर असंतोष है। हालांकि मालदा में उनके गुस्से ने कानून की सीमा को पार कर दिया, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। प्रशासनिक नाकामी यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी रक्कड्यूटी में लगे कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी हालात की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पाए, तो यह उनकी नाकामी है। गौर करने वाली बात है कि चुनावों के ऐलान के बाद राज्य में ऊपर से नीचे तक बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले हुए हैं। जनता में अविश्वास इस घटना के बीच जनता की चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले लगभग 7.6 करोड़ वोटर थे और अब करीब 10% कम हो गए हैं। फाइनल लिस्ट के बाद 60 लाख को तार्किक विसंगति में चिह्नित किया गया था। इनमें से अब तक 47 लाख आपत्तियों का निपटारा हो चुका है। हालांकि रिजेक्शन रेट बेहद ज्यादा बताया जा रहा है - 35 से 40% तक। लोगों का आरोप है कि उनके नाम काटे जा रहे हैं। इससे अविश्वास का माहौल है। प्रशासनिक नाकामी यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी रक्कड्यूटी में लगे कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी हालात की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पाए, तो यह उनकी नाकामी है। गौर करने वाली बात है कि चुनावों के ऐलान के बाद राज्य में ऊपर से नीचे तक बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले हुए हैं। दलों की भूमिकाचुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटने नहीं पाएगा। सुप्रीम कोर्ट भी लगातार नजर रखे हुए है और मामले के समाधान के लिए उसने रक्कप्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को लगाकर अभूतपूर्व रास्ता निकाला था। इनके बीच जनता और सरकारी मशीनरी के बीच यकीन कायम होना बेहद जरूरी है। यहां राजनीतिक दलों की भूमिका भी बढ़ जाती है। उन्हें इस मुद्दे पर ज्यादा संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।

# महंगे तेल से सूरजमुखी तेल की मांग घटने की आशंका

## पश्चिम एशिया संकट और बढ़ती कीमतों के चलते बिक्री 10% तक घट सकती है



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और बढ़ती कीमतों के चलते चालू वित्त वर्ष में भारत में रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में 10 फीसदी घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा, दोहरी चुनौतियों के कारण मांग पर असर पड़ेगा। उपभोक्ता राइस ब्रान और सोयाबीन तेल जैसे सस्ते विकल्पों का रुख कर सकते हैं।

**हल्की बढ़त के साथ बंद हुए अमेरिकी शेयर बाजार :** अमेरिका के शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार हल्की बढ़त के साथ बंद हुए और पूरे हफ्ते में मुनाफे के साथ खत्म हुए। यह ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला ऐसा हफ्ता रहा जब बाजार ने बढ़त दर्ज की। हालांकि दिन की शुरूआत में बाजार में गिरावट देखी गई थी, लेकिन बाद में स्थिति संभल गई। इस बीच कच्चे तेल की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं। अमेरिकी कच्चा तेल 111 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। इसकी बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान पर हमले जारी रखेगा। इससे युद्ध जल्द खत्म होने की उम्मीद कम हो गई है और बाजार पर दबाव बना हुआ है। टेस्ला के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई, क्योंकि कंपनी की बिक्री उम्मीद से कम रही। वहीं कुछ टेक कंपनियों के शेयरों में तेजी आई, जिससे बाजार को सहारा मिला।

तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई का खतरा बढ़ गया है। अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें भी तेजी से बढ़ी हैं, जिससे आम लोगों का खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा हवाई यात्रा और सामान ढुलाई भी महंगी हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर युद्ध लंबा चलता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

### रियल एस्टेट में विदेशी निवेश 75 फीसदी घटा

ईरान युद्ध के कारण मार्च तिमाही में भारतीय रियल एस्टेट में निवेश को लेकर विदेशी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इससे विदेश निवेश 75 फीसदी घटकर 40 करोड़ डॉलर रह गया। कॉलियर्स इंडिया के अनुसार, इस अवधि में क्षेत्र में कुल संस्थागत निवेश 61 फीसदी घटकर 1.6 अरब डॉलर रह गया।

### एयरटेल दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी

भारती एयरटेल ग्राहक संख्या के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। जीएसएमए के आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च तक एयरटेल का कुल ग्राहक आधार करीब 65 करोड़ तक पहुंच गया। कंपनी के भारत में 36.8 करोड़ और अफ्रीका में 17.9 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं।

### महिंद्रा 6 अप्रैल से गाड़ियों के दाम 2.5 फीसदी तक बढ़ाएगी

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने डीजल-पेट्रोल ईंधन वाले एसयूवी और व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया, 6 अप्रैल से इन वाहनों की कीमत में 2.5 फीसदी तक बढ़ोतरी की जाएगी। पूरे पोर्टफोलियो में गाड़ियों की औसत कीमत 1.6 फीसदी बढ़ेगी। कंपनी ने कहा, उत्पादन लागत में लगातार बढ़ोतरी की वजह से यह फैसला लिया गया है। हालांकि, हाल में लॉन्च एक्सयूवी 7 एक्सओ मॉडल की कीमत 40,000 बुकिंग की डिलीवरी के बाद ही बढ़ाई जाएगी।

# एलपीजी अफवाहों पर केंद्र सख्त, राज्यों को निर्देश

## सिर्फ 17 राज्यों की नियमित ब्रीफिंग, बाकी से संचार मजबूत करने को कहा

**पैनिक बायिंग रोकने के लिए रोजाना जानकारी देने और जमाखोरी पर कार्रवाई के निर्देश**



**नई दिल्ली।** एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को सतर्क किया है। मंत्रालय ने कहा कि सिर्फ 17 राज्य ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, इसलिए बाकी राज्यों को भी संचार व्यवस्था मजबूत करनी होगी।

एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैल रही अफवाहों पर केंद्र सरकार ने चिंता जताई है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ 17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं, जो स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है।

### राज्यों से संचार व्यवस्था को मजबूत करने की अपील

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने अपने पत्र में कहा कि कुछ क्षेत्रों में अब भी अफवाहें और गलत जानकारी फैल रही है, जिससे लोगों में अनावश्यक डर पैदा हो रहा है और कई जगहों पर घबराहट में खरीदारी (पैनिक बायिंग) देखी जा रही है। मंत्रालय ने राज्यों से अपील की है कि वे संचार व्यवस्था को और मजबूत करें ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे।

वर्तमान में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे 17 राज्य/यूटी नियमित या अंतराल पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। केंद्र ने बाकी राज्यों से भी तुरंत इसी तरह के कदम उठाने को कहा है।

### मंत्रालय ने राज्यों को क्या दिया सलाह

मंत्रालय ने सलाह दिया है कि वरिष्ठ स्तर पर रोजाना प्रेस ब्रीफिंग की जाए और सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जरिए सही और समय पर जानकारी दी जाए, ताकि लोगों को एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता और सुचारु वितरण का भरोसा मिल सके और अफवाहों पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही केंद्र ने जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि इस तरह की गलत गतिविधियों को रोकने के लिए जरूरी कदम लगातार उठाए जाएं।

यह निर्देश 27 मार्च को जारी उस चेतावनी के बाद आया है, जिसमें मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक सप्लाई चेन पर असर की बात कही थी। इन परिस्थितियों के चलते पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों व उपलब्धता को लेकर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें तेजी से फैल रही हैं, जिससे घरेलू वितरण प्रणाली पर दबाव बढ़ा है।

# टाटा ग्रुप को चेतावनी: चुनौतीपूर्ण दौर के लिए तैयार रहें



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने समूह के शीर्ष अधिकारियों को एक चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। गुरुवार को समूह की कंपनियों के 30 से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रबंध निदेशकों की बैठक हुई। इस उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में चंद्रशेखरन ने मौजूदा संकट के संभावित परिणामों को देखते हुए संचालन के स्तर पर तैयारियों की जरूरत पर बल दिया।

इसके असर से परिचालन लागत बढ़ेगी और मुनाफे पर दबाव पड़ेगा। कई व्यवसायों के लिए, इसका मतलब यह हो सकता है कि उत्पादन का स्तर उनकी स्थापित क्षमता से कम रह जाए।

**नकदी और तरलता का प्रबंधन:** कंपनियों को नकदी बचाने और तरलता को समझदारी से प्रबंधित करने पर विशेष जोर देने के लिए कहा गया है। साथ ही, नए और चल रहे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन का पुनर्मूल्यांकन करने की सलाह दी गई है।

**लागत अनुकूलन:** स्पष्ट लक्ष्यों के साथ लागत में कटौती के प्रोग्राम लागू करने का आह्वान किया गया है। तेल की कीमतों, मुद्रा की चाल और लॉजिस्टिक्स की लागत में वृद्धि के कारण यह कदम आवश्यक हो गया है।

**साइबर सुरक्षा:** मौजूदा वैश्विक माहौल को देखते हुए साइबर सुरक्षा और नेटवर्क रेजिलिएंस को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। कर्मचारियों की सुरक्षा प्राथमिकता

इस बैठक में एक प्रमुख चिंता पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद कर्मचारियों की सुरक्षा और उनकी आवाजाही को लेकर थी। टाटा समूह के 10,000 से अधिक कर्मचारी इस क्षेत्र में कार्यरत हैं, जिनमें वोल्टास, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड और टाइटन (डेमास ब्रांड सहित) के कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने जरूरत पड़ने पर उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के कदम उठाए हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

## राशिफल

**मेष :** छोटी-मोटी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य को उत्साह व प्रसन्नता से कर पाएगा।

**वृष :** किसी पुरानी व्याधि के उभरने की संभावना है। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**कर्क :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कन्या :** कोई आकस्मिक खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

**तुला :** कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रुका हुआ पैसा जैसे एरियर, कमीशन व किराया आदि प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। भाग्य का साथ रहेगा। मित्रों तथा पारिवारिक सहयोग से काम बनेंगे।

**मकर :** चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। किसी व्यक्ति से बेबात बहस हो सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ :** प्रेम-प्रसंग में मधुरता रहेगी। व्यस्तता रहेगी। किसी सरकारी कार्यालय में अटका काम मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** किसी तरह की झंझट में न पड़ें। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं।

## चुटकुले

बंटू - जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, दिन-प्रतिदिन इंसान रईस बनता जाता है।
घंटू - वो कैसे...?
बंटू - बूढ़े होने पर चांदी बालों में, सोना दाँतों में, मोती आखों में शुगर खून में और महंगे पत्थर किडनी में पाए जाने लगते हैं।

---

संता (बंता से) - पता है, आज मैंने 8 मिनट में 16 किलोमीटर की दौड़ लगाई...!
बंता - अरे वाह... पर क्यों...?
संता (दुखी मन से) - कुछ मूर्ख लोगों की वजह से, जो कुत्तों को पाल तो लेते हैं, पर बांधकर नहीं रखते...!

---

टीचर - एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए, तो कितने आम बचे...?
बन्टू - 10
टीचर - अरे मूर्ख 10 कैसे बचेंगे...?
बन्टू - सड़े हुए आम कहां जाएंगे, सड़ने से केले थोड़ी बन जाएंगे।




**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# केकेआर पर बड़ी जीत के बाद भी शीर्ष-4 में नहीं सनराइजर्स



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 सीजन का पहला सप्ताह अब पूरा होने को है। सभी टीमों ने इस दौरान कम से कम एक-एक मैच खेल लिए हैं। आईपीएल में अब तक छह मैच हो चुके हैं। आइए जानते हैं फिलहाल अंक तालिका की स्थिति कैसी है और कौन सी टीम किस स्थान पर मौजूद हैं।

आईपीएल 2026 में गुरुवार को कोलकाता के इडेन गार्डेन में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच खेले गए मुकाबले में हैदराबाद ने बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के बाद भी हैदराबाद अंक तालिका में शीर्ष चार पर नहीं है। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 226 रन बनाए थे। केकेआर 16 ओवर में 161 रन पर सिमट कर मैच 65 रन से हार गई। केकेआर और सनराइजर्स के बीच खेला गया मुकाबला इस सीजन का छठा मुकाबला था।

**राजस्थान शीर्ष पर मौजूद**

राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में पहले स्थान पर मौजूद है। राजस्थान ने अपने पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आठ विकेट से हराया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे स्थान पर काबिज है। आरसीबी ने अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराया था। बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराने वाली दिल्ली कैपिटल्स तीसरे स्थान पर काबिज है। दिल्ली ने अपना पहला मैच छह विकेट से जीता था। मुंबई इंडियंस चौथे स्थान पर है। मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को विकेट विकेट से हराया था।

## आईपीएल 2026 की अंक तालिका (छह मैचों के बाद)

| स्थान | टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +4.171 |
| 2 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +2.907 |
| 3 | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +1.397 |
| 4 | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +0.687 |
| 5 | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +0.509 |
| 6 | सनराइजर्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.469 |
| 7 | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9 | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10 | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

### सनराइजर्स छठे स्थान पर पहुंची .........

पंजाब किंग्स पांचवें स्थान पर है। पंजाब ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया था। केकेआर के खिलाफ 65 रन से जीत दर्ज करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की स्थिति सुधरी है। टीम पूर्व के नौवें स्थान से छठे स्थान पर आ गई है। गुजरात टाइटंस सातवें, लखनऊ सुपर जाएंट्स आठवें, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नौवें और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 10वें स्थान पर हैं। अंक तालिका में टीमों का स्थान जीत-हार के अलावा रन रेट के आधार पर तय किया गया है। आईपीएल 2026 में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच चेन्नई में मैच होना है। दोनों टीमों का सीजन का यह दूसरा मैच है। सीएसके जीत की राह पर लौटना चाहेगी। वहीं, गुजरात के खिलाफ पहले मैच में जीत दर्ज करने वाली पंजाब अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी।

# भारतवंशी बोधना शिवानंदन बनीं इंग्लैंड की नंबर-1 महिला शतरंज खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** 11 साल की भारतवंशी बच्ची बोधना शिवानंदन ने इतिहास रच दिया है। बोधना शिवानंद ने पापा के पुराने शतरंज बोर्ड से खेल की शुरूआत की, यूट्यूब से शतरंज की बारिकियां सीखीं और अब 2366 की बेहतरीन रेटिंग के साथ इंग्लैंड की नंबर-1 महिला शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं।

शतरंज में भारतीय खिलाड़ियों का बोल बाला देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में 11 साल की भारतवंशी बच्ची बोधना शिवानंदन ने इतिहास रच दिया है। बोधना शिवानंद ने पापा के पुराने शतरंज बोर्ड से खेल की शुरूआत की, यूट्यूब से शतरंज की बारिकियां सीखीं और अब 2366 की बेहतरीन रेटिंग के साथ इंग्लैंड की नंबर-1 महिला शतरंज खिलाड़ी बन गई हैं। बोधना ने बेहद कम उम्र में कई बड़े रिकॉर्ड अपने ना किए हैं। उनके जुनून, परिवार का साथ और आत्मविश्वास ने उन्हें शिखर तक पहुंचाया। बोधना शिवानंदन की जड़ें भारत से हैं। बोधना का परिवार मूल रूप से भारत के तमिलनाडु राज्य के एक शहर तिरुचिरापल्ली का रहने वाला है। उनके पिता शिवानंदन वेलायुथम 2007 में अपने परिवार के साथ इंग्लैंड चले गए थे। बोधना का जन्म 7 मार्च 2015 को लंदन में हुआ।

अब बोधना शिवानंदन इंग्लिश फेडरेशन की टॉप महिला खिलाड़ी हैं। अब उनकी रेटिंग ब्रिटेन के बाकी सभी देशों की टॉप महिला खिलाड़ियों से भी ज्यादा है। बोधना शिवानंद पहली बार दुनिया की टॉप 100 महिला खिलाड़ियों की लिस्ट में भी शामिल हो गईं जहां वह 72वें नंबर पर हैं।

# ललित मोदी ने संजीव गोयनका पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका पर निशाना साधा है। ललित मोदी ने गोयनका की आलोचना करते हुए विवादित बयान दिया है। इतना ही नहीं ललित मोदी ने बीसीसीआई से बड़ी मांग भी कर दी है।

आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से टीम पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ये पहली बार नहीं है जब ललित मोदी ने गोयनका पर निशाना साधा है। इससे पहले भी वह लखनऊ सुपर जाएंट्स के मालिक पर अपनी भड़ास निकाल चुके हैं। मालूम हो कि ललित मोदी को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है और वह लंबे समय से देश से बाहर है।

**एक्स पर निकाली भड़ास**

ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका आईपीएल में टीम के मालिक बनने के लायक नहीं हैं। मैं उनके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए। अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम का मालिकाना हक हमेशा के लिए छीन लेता। गोयनका घमंडी हैं। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे, ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे।

**लखनऊ ने दिया था स्पष्टीकरण**

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने एक वीडियो पोस्ट करते हुए संजीव गोयनका और ऋषभ पंत के बीच सबकुछ ठीक होने का स्पष्टीकरण दिया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि आप जो कुछ भी देख रहे हैं वह सच नहीं है। यहां मैच के बाद की अनफिल्टर्ड वाइब्स हैं, जब कैमरे कट नहीं करते।

मैच के बाद संजीव गोयनका ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा था, यह एक लंबा सीजन है और ऐसे पल कुछ मतलब का बनाने का हिस्सा होते हैं। मुझे अपने कप्तान और टीम पर पूरा भरोसा है कि वे मजबूती से वापसी करेंगे। हमारे फैंस, इकाना में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। हम और मजबूत होकर वापस आएंगे।

### ललित मोदी के गुस्सा का क्या है कारण



- लखनऊ और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एक अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हुए मैच में लखनऊ को हार का सामना करना पड़ा था।
- मैच के बाद संजीव गोयनका को कप्तान ऋषभ पंत के साथ बातचीत करते हुए देखा गया था जिसमें गोयनका पंत को कुछ कहते दिख रहे थे।
- ऋषभ पंत और संजीव गोयनका के बीच क्या बात हुई, यह स्पष्ट नहीं है।
- इस घटना को फैंस और आलोचक गोयनका और केएल राहुल के बीच आईपीएल 2024 में हुई घटना से जोड़ कर देख रहे हैं।
- सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका से जुड़े मीम्स वायरल हो रहे हैं।
- इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा था कि टूर्नामेंट में एक गेम हुआ है। इसकी कोई जरूरत नहीं है।

# ट्रेनिंग में लौटे एमएस धोनी, बल्लेबाजी का किया अभ्यास



**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। धोनी चोट के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके थे और माना जा रहा है कि वह पंजाब के खिलाफ भी नहीं खेल सकेंगे।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह ट्रेनिंग में लौट चुके हैं। 44 साल के धोनी चोट के कारण आईपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाए हैं और फ्रेंचाइजी ने बताया था कि वह दो सप्ताह तक बाहर रह सकते हैं। हालांकि, ट्रेनिंग करने से अब यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या धोनी जल्द मैदान पर उतरते हुए नजर आएंगे। सीएसके का शुक्रवार को पंजाब किंग्स से सामना होना है और इससे पहले ही धोनी नेट्स पर लौटे हैं।

**ब्रेविस ने भी ट्रेनिंग में लिया हिस्सा :** धोनी के अलावा सीएसके के अन्य खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस ने भी ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि, उन्होंने बस हल्की शॉर्ट रन ड्रिल की और टीम फिजियो के साथ चर्चा करते नजर आए। धोनी भले ही ट्रेनिंग में लौट गए हैं, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच का हिस्सा होंगे या नहीं। सीएसके टीम प्रबंधन धोनी को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहेगा क्योंकि टूर्नामेंट काफी लंबा है। टीम के पास विकेटकीपर के तौर पर पहले से ही संजू सैमसन का विकल्प मौजूद है।

**जीत का खाता खोलने उतरेगी**

**चेन्नई:** सीएसके की टीम पंजाब के खिलाफ मैच में जीत का खाता खोलने उतरेगी। सीएसके को अपने पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है। सीएसके की टीम मौजूदा सीजन में पहली बार अपने होम ग्राउंड पर खेलने उतरेगी।

### टीम के साथ नहीं किया पूर्ण अभ्यास

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले धोनी एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में हल्की फिटनेस ड्रिल करते नजर आए, लेकिन उन्होंने टीम के साथ पूर्ण रूप से अभ्यास नहीं किया। धोनी ने नेट्स पर कुछ समय तक बल्लेबाजी अभ्यास किया, लेकिन उन्होंने विकेटकीपिंग ड्रिल नहीं की। वहीं, संजू सैमसन अभ्यास के दौरान विकेटकीपिंग करते नजर आए। माना जा रहा है कि धोनी चोट से उबरने के करीब हैं, लेकिन मैच खेलने के लिए अभी पूरी तरह तैयार नहीं हैं।

# श्रेयस की चोट ने बढ़ाई पंजाब की चिंता

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के सामने होगी। इस मुकाबले के साथ सीएसके सीजन का अपना पहला मैच जीतने उतरेगी। चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट से मुकाबला गंवाया था। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। वहीं, पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट से मैच अपने नाम किया था।

उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा।

# मोईन अली से भिड़े डेविड वॉर्नर अजय जडेजा की पोस्ट पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दिया जवाब





**नई दिल्ली।** पीएसएल 2026 में मैच के बाद डेविड वॉर्नर का मोईन अली के साथ एक अजीब वीडियो वायरल हुआ, जिसे देखकर फैंस ने विवाद की अटकलें लगाईं। बाद में वॉर्नर ने साफ किया कि वह सिर्फ हैदर अजहर से विपक्षी खिलाड़ियों से पहले हाथ मिलाने को कह रहे थे, कोई बहस नहीं हुई थी।

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 के एक मैच के बाद डेविड वॉर्नर का एक अजीब सा ऑन-फील्ड मोमेंट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो को लेकर फैंस तरह-तरह के कयास लगाने लगे, क्या वॉर्नर की अपने ही साथियों से बहस हुई थी? मामला बढ़ता देख खुद वॉर्नर को सामने आकर सफाई देनी पड़ी।

क्या था पूरा मामला

कराची किंग्स की जीत के बाद वॉर्नर अपने कुछ साथियों और टीम डायरेक्टर हैदर अजहर के साथ बातचीत करते दिखे। वीडियो में उनकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी असहज लगी, जिससे लोगों को लगा कि शायद कोई विवाद हुआ है। इस वीडियो को पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने भी अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसके बाद चर्चा और तेज हो गई। जब एक फैन ने इस घटना के बारे में पूछा, तो वॉर्नर ने खुद जवाब देते हुए स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि वह बस हैदर अजहर से कह रहे थे कि पहले विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से जाकर हाथ मिलाएं। यानी जो बहस लग रही थी, वो दरअसल एक सामान्य क्रिकेटिंग शिष्टाचार से जुड़ी बातचीत थी कोई विवाद नहीं है।

### मैच में कराची किंग्स ने शानदार जीत दर्ज की

मैच की बात करें तो कराची किंग्स ने शानदार जीत दर्ज की। डेविड वॉर्नर ने 46 गेंदों में 50 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरूआत दी। असली हीरो रहे आजम खान, जिन्होंने 34 गेंदों में 74 रन ठोक दिए। विपक्ष की ओर से डेरिल मिचेल (65) और सैम बिलिंग्स ने अच्छा योगदान दिया, लेकिन टीम जीत नहीं पाई। अंत में मोहम्मद अब्बास अफरीदी ने चौका लगाकर मैच खत्म किया।

### इन्फेंटिनो की ईरान फुटबॉल संघ के अधिकारियों के साथ बैठक

# मैक्सिको में मैच कराने का मामला नहीं सुलझा



**अंताल्या।** फीफा विश्व कप में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव के चलते स्थिति जटिल बनी हुई है। ईरान की फुटबॉल टीम अमेरिका के बजाए मैक्सिको में मैच खेलना चाहती है, लेकिन यह मामला अब सुलझ नहीं सका है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों के बीच फीफा विश्व कप पर इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमले ने हालात को मुश्किल और जटिल बनाया था। ईरान की फुटबॉल टीम और उसके विश्व कप अभियान पर इसका सीधा असर पड़ा था। इस बीच फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और ईरानी फुटबॉल अधिकारियों के बीच तुर्किये में हुई बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

यह बैठक ऐसे समय में हुई जब ईरान की विश्व कप भागीदारी को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे थे। हालांकि इस मुलाकात में सकारात्मक संकेत मिले, लेकिन एक बड़ा मुद्दा ईरान के मैचों को अमेरिका से हटाकर मैक्सिको में कराने का अब भी अनसुलझा है।

**अनिश्चित रही है ईरान की स्थिति**

ईरान की स्थिति काफी अनिश्चित रही। सरकारी स्तर पर यह संकेत दिए गए कि टीम विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकती या उसे अमेरिका जाने में मुश्किल हो सकती है। यहां तक कि फीफा से यह भी मांग उठी कि ईरान के मैचों को किसी अन्य देश खासकर मैक्सिको में स्थानांतरित कर दिया जाए। हालांकि फीफा ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा और ईरान को अमेरिका में ही अपने मैच खेलने होंगे।

# अभिषेक पर चला आईपीएल का चाबुक

### सनराइजर्स के बल्लेबाज पर लगा भारी जुर्माना, एक डिमेरिट अंक भी जुड़ा



**कोलकाता।** अभिषेक शर्मा ने केकेआर के खिलाफ दमदार पारी खेली थी और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लेकिन आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के चलते उन पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर आईपीएल का चाबुक चला। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के बाद अभिषेक पर मैच फीस का 25 फीसदी जुमार्ना लगाया गया है, जबकि उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि अभिषेक के खिलाफ यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि उन्होंने मैच के दौरान अपशब्द कहे थे और अंपायर के फैसले पर असहमति जताई थी।

**अभिषेक ने स्वीकार किया जुर्माना:** मैच रेफरी ने अभिषेक पर आईपीएल की आचार संहिता के 2.3 के उल्लंघन का आरोप लगाया जो मैच के दौरान अपशब्द कहने से जुड़ा है। आईपीएल के बयान के अनुसार, सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। यह उल्लंघन उन्होंने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान किया था। उन्होंने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल-1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

**विवादित तरीके से आउट हुए थे अभिषेक:** आईपीएल के द्वारा जारी बयान में हालांकि घटना का सटीक विवरण नहीं दिया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि जब वरुण चक्रवर्ती द्वारा डीप में कैच लेने के बाद अभिषेक विवादास्पद तरीके से आउट हो गए थे और काफी निराश थे उसी वक्त उन्होंने अपशब्द कहे थे और अंपायर के फैसले पर असहमति जताई थी।

# फखर जमां को पीएसएल की तकनीकी समिति ने भी दिया झटका



**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तकनीकी समिति ने फखर जमां को झटका देते हुए उन पर लगे दो मैचों के निलंबन को बरकरार रखा है। फखर ने फैसले को चुनौती दी थी, लेकिन समिति से भी उन्हें राहत नहीं मिली।

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति ने फखर की अपील खारिज कर दी है जिस कारण उन पर लगा दो मैचों का निलंबन जारी रहेगा। लाहौर कलंदर्स के ओपनर फखर जमां पर गेंद से छेड़छाड़ करने के लिए दो मैचों का निलंबन लगा है, लेकिन इस बल्लेबाज ने फैसले को चुनौती दी थी।

**फखर के खिलाफ थे पर्याप्त सबूत**

समिति ने इस मामले पर सुनवाई की और सभी उपलब्ध सबूत के देखने के बाद मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा फखर पर लगाए बैन को बरकरार रखा।

मैच रेफरी ने फखर पर गेंद की स्थिति बदलने के लिए लेवन तीन के उल्लंघन का चार्ज लगाया था। यह फैसला उम्मीद के मुताबिक ही था क्योंकि पिछले हफ्ते पीएसएल) मैच के दौरान फखर जमां द्वारा गेंद की स्थिति बदलने के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद थे।

पीसीबी ने मामले पर क्या कहा?

इस पूरे मामले को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी बयान जारी किया है।

पीसीबी ने बयान में बताया, फखर जमां ने मैच रेफरी के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमें उन्हें 29 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स मैच के दौरान खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए लागू आचार संहिता के अनुच्छेद 2.14 का उल्लंघन करने के लिए दो पीएसएल मुकाबलों के लिए निलंबित कर दिया गया था। पीसीबी ने कहा, इस अपील पर गुरुवार को पीएसएल तकनीकी समिति ने सुनवाई की जिसमें प्रोफेसर जावेद मलिक, डॉ. मुमरेज नक्शबंद और सैयद अली नकी शामिल थे। नए सिरे से जांच करने के बाद सभी सबूतों की समीक्षा करने और संबंधित व्यक्तियों के बयान सुनने के बाद समिति ने अपील को खारिज कर दिया और मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मुकाबलों के बैन को बरकरार रखा गया है।

### फखर ने आरोपों को किया था खारिज

विवाद की शुरूआत तब हुई जब मैच के अंत में मैदानी अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पेनाल्टी लगाते हुए विपक्षी टीम को पांच रन दे दिए थे। इसके बाद कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद को बदल दिया गया। फखर जमां पर यह आरोप मैदानी अंपायरों शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी ने टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद के साथ मिलकर लगाया था। फखर ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था और आचार संहिता के तहत मिली अनुमति के अनुसार एक औपचारिक अनुशासनात्मक सुनवाई के दौरान आरोपों को चुनौती देने का फैसला किया था। मैच रेफरी रोशन महानामा ने सुनवाई की अध्यक्षता की थी। उन्होंने सबूतों की समीक्षा की और अंतिम फैसला लेने से पहले फखर को अपना पक्ष रखने का मौका दिया। इस सुनवाई में लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, टीम डायरेक्टर समीन राणा और टीम मैनेजर फारूक अनवर भी मौजूद थे।

### तकनीकी समिति का फैसला अंतिम

अनुच्छेद 2.14 पीएसएल खेलने की शर्तों के नियम 41.3 का उल्लंघन करते हुए गेंद की स्थिति बदलने से संबंधित है। फैसले में कहा गया कि पहली बार लेवल 3 का अपराध करने पर कम से कम एक मैच का बैन और ज्यादा से ज्यादा दो मुकाबलों का बैन लगाया जाता है। आचार संहिता के अनुसार, पीएसएल तकनीकी समिति द्वारा लिया गया कोई भी फैसला इस मामले का पूर्ण, अंतिम और निर्णायक निपटारा माना जाएगा और सभी पक्ष इस मानने के लिए बाध्यकारी होंगे।

04 April -26 page 6 03-04-2026 10:56 PM Page 1



# गाजियाबाद आसपास




# मोदीनगर में हिस्ट्रीशीटर राहुल जाट पर ताबड़तोड़ फायरिंग, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

## खुद कार चलाकर पहुंचा अस्पताल, पुलिस फुटेज जांच में जुटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक ढाबे के बाहर हिस्ट्रीशीटर राहुल जाट उर्फ कालू पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

वारदात इतनी बेखौफ अंदाज में अंजाम दी गई कि हमलावर पैदल आया, सीधे कार की खिड़की तक पहुंचा और नजदीक से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि राहुल जाट अपने दो साथियों के साथ ढाबे के बाहर खड़ा है। जैसे ही वह अपनी कार की ड्राइविंग सीट पर बैठता है, एक युवक आराम से पैदल चलता हुआ आता है और कार की खिड़की के पास पहुंचकर अचानक फायरिंग शुरू कर देता है। हमलावर ने केवल राहुल को निशाना बनाया और उसके साथ खड़े अन्य लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, जिससे हमले के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका और मजबूत हो जाती है।

### चार गोलियां लगने के बाद भी दिखाई हिम्मत

**करंट क्राइम :** इस हमले में राहुल जाट को गर्दन, सीने, पेट और पैर में कुल चार गोलियां लगीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी और खुद ही कार संभालकर मौके से निकल गया। वह लगभग 35 किलोमीटर दूर संजयनगर स्थित यशोदा अस्पताल पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन वह जीवित है, जो अपने आप में चौंकाने वाली बात है।

### पुरानी रंजिश या गैंगवार की आशंका, पुलिस का जल्द गिरफ्तारी का दावा

**करंट क्राइम :** मामले में जानकारी देते हुए अउढ भाष्कर वर्मा ने बताया कि राहुल चौधरी उर्फ राहुल जाट मोदीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और वर्तमान में राजनगर में रहता है। वह सीकरी इलाके में अपने साथियों से मिलने आया था। पुलिस के अनुसार, राहुल के खिलाफ पहले से कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। शुरूआती जांच में यह हमला पुरानी रंजिश या गैंगवार का नतीजा प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमलावर की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गाजियाबाद पुलिस की कई टीमें सक्रिय कर दी गई हैं और आसपास के इलाकों में भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। यह वारदात एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि आखिर अपराधी किस तरह बेखौफ होकर सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## कमरे के पंखे में रस्सी से लटका मिला युवक

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की गोविंद टाउन कॉलोनी में मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में युवक ने पंखे में रस्सी की सहायता से फंदा लगा लिया। मकान मालिक के पुत्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दिल्ली के प्रताप नगर में रहने वाले रमा शंकर के गोविंद टाउन कॉलोनी स्थित दो मंजिल के मकान में 23 वर्षीय ओंकार डेढ वर्ष से किराये पर रह रहा था। वह मकान के ग्राउंड फ्लोर पर बचों को कोचिंग पढ़ाता था। शुक्रवार को मकान मालिका मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और परिजनों को सूचना देने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के पिता रामदुलार प्रसाद और भाई राजेश बिहार जनपद बक्सर गांव अरक से लोनी आने के लिए निकल चुके है। परिजनों द्वारा शिकायत देने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## रोड किनारे पड़ा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

### चोट के निशान नहीं, पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की राहुल गार्डन कॉलोनी में रोड किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

राहुल गार्डन कॉलोनी में राहगीरों ने करीब पचास वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को रोड किनारे पड़ा देख मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच करने पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने व्यक्ति की शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव पर चोट के निशान नहीं मिले है। मृतक की शिनाख्त के लिए दिल्ली समेत आस पास के थानों में फोटो भेजे हैं। शव की शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।




### सेल्फी ले रहा था भाजपाई और सदमे में आ गया हलवाई

वैसे तो नगर निगम की लड्डुओं का शगुन ऐसा बिगड़ा कि लड्डू वाले पार्षद स्वर्गवासी हो गये और गुलाबजामुन की महक का किस्सा मोदीनगर में गूंज रहा है। हलवाई जी मानहानी की बात करते रह गये और पार्षद की जानहानी हो गयी। कहते हैं कि अगर टिकट ना हो तो चैन बेचने वाला भी टीटी लगता है। हलवाई की दुकान के बाहर कुछ कदम पर स्ट्रीट लाईट खराब हो गयी। खराब भी लाजवाब तरीके से हुई। जो लाईट जल रही थी वो टूटकर खम्बे से झूल रही थी और जो लाईट खम्बे पर टिकी थी वो जल नहीं रही थी। मौहल्ले वालों ने पार्षद को फोन किया और पार्षद ने रोशनी वाले महकमे को फोन किया। जब काम हो गया तो पार्षद उस लाईट के साथ सेल्फी ले रहे थे। बताते हैं कि हलवाई को ये लगा कि पार्षद ने उसकी दुकान के साथ सेल्फी ली है। सुना है भाजपाई की सेल्फी से हैरान होकर हलवाई जी बाहर आ गये। पूछ ही लिया कि माजरा क्या है तो पार्षद ने भी समझाया कि सेल्फी में ये लाईट है तुम्हारी मिठाई नहीं है। फिर भी तुम्हे लग रहा है कि फोन में स्वीट है तो मैं फोटो डिलीट कर देता हूं।

### जब देवतुल्य ने खोल दिया गेट तो जनप्रतिनिधि क्यों हो गये अपसेट

सियासत का यही तमाशा है कि किसी के हिस्से में जीत है और किसी के हिस्से में हताशा है। किरदार तो सरकार आते ही बदले हैं। जो कभी मंचों से अपना मोबाईल नम्बर लिखाते थे। अब वो फोन भी नहीं उठाते हैं। ईधर सरकारी कृपा का अनार ऐसा है कि100 नहीं बल्कि 1000 बीमार बैठे हैं। डबल लिस्ट आउट होने के बाद पुराने देवतुल्य काफी निराश हैं और वो गुस्से में भी हैं। जब नामित वाली लिस्ट में नाम नहीं आया तो देवतुल्य सीधे जनप्रतिनिधि के आवास पर पहुंचा। यहां पारा तब हाई हो गया जब प्रतिनिधि के प्रतिनिधि ने रास्ता रोक लिया। अब घूकना वाले नाराज देवतुल्य ने सीधे उस कमरे का गेट खोल लिया जहां जनप्रतिनिधि बैठे थे। देवतुल्य इस बात पर नाराज कि हमने तुम्हारे चुनाव में रातदिन एक कर दिये। जनप्रतिनिधि इस बात पर खफा हो गये कि **हाउ डेयर यू ओपन द गेट** फिर यूं हुआ कि दोनों तरफ से संबंध विच्छेद की मुनादी हो गयी। जनप्रतिनिधि ने भी कह दिया कि तू अब आना ही मत, और देवतुल्य भी नाराज होकर आ गये। वैसे देवतुल्य को ये पता नहीं है कि पिछली बार भी दो देवतुल्य यहां नाराज हुए थे और आज वो दोनों ही अगल बगल के वार्डों से निर्वाचित पार्षद हैं। देवतुल्य भी थोड़ा संयम से काम ले सकते थे और जनप्रतिनिधि भी देवतुल्य को सांत्वना दे सकते थे।

### कौन से दो महामंत्री दिल्ली गये भईया जी का विशेष आशीर्वाद लेने

जबतक लिस्ट नहीं आयी थी तब तक कुछ चेहरों का ये हाल था कि ध्वज प्रणाम वालों से लेकर संगठन वालों तक सभी को कह रहे थे कि तुम ही हो माता, पिता तुम ही हो, तुम ही हो बंधु, सखा तुम्ही हो। लेकिन जब लिस्ट में नाम आ गया तो इंट्रोडक्शन वाली मीटिंग में इतने ईमोशनल हो गये कि आंसु निकल पड़े। मगर अब जब सबकुछ सेट हो गया है तो असली किरदार बाहर आ गया है। अब सभी चेहरे उनका आभार जताने जा रहे हैं जिनसे आगे की सियासी दुकान चलनी है। अब दिल्ली ज्यादा दूर तो हैं नहीं और दिल्ली वाले भईया जी का आशीर्वाद लेने दो महामंत्री गये। अब जैसे यहां बैठक में भावुक होकर बिलख रहे थे, वहां पता नहीं भईया जी के सामने क्या सीन था। लेकिन आभार जताने के लिए दिल्ली वाले भईया जी के दरबार में कौन से दो महामंत्री पहुंचे हैं। वैसे तीसरा महामंत्री बता सकता है कि मैं तो गया नहीं तो फिर ये दोनों ही होंगे।

# ग्रेटर नोएडा में बीआईएस की बड़ी कार्रवाई

## 5 करोड़ के गैर-मानक सोलर प्रोडक्ट जब्त, फर्म पर होगी कानूनी कार्रवाई



**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), नोएडा शाखा कार्यालय को मिली शिकायत के आधार पर 24 मार्च 2026 को ग्रेटर नोएडा स्थित मै० फुजियामा पावर सिस्टम्स लिमिटेड पर सर्च एवं सीजर की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई गौतम बुद्ध नगर जिले में की गई, जहां जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच में पाया गया कि संबंधित फर्म यूटिलिटी इंटरकनेक्टेड फोटोवोल्टिक इनवर्टर और सोलर स्टोरेज बैटरी जैसे प्रोडक्ट्स का भंडारण और बिक्री कर रही थी। इन प्रोडक्ट्स के लिए नवीन एवं इलेक्ट्रिकल ऊर्जा मंत्रालय के क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर के तहत बीआईएस का अनिवार्य सीआरएस आवेदक आवश्यक होता है, लेकिन फर्म के पास वैध लाइसेंस नहीं मिला। इसे BIS एक्ट, 2016 का उल्लंघन माना गया।

कार्रवाई के दौरान करीब 5 करोड़ रुपये मूल्य के गैर-मानक प्रोडक्ट्स की पहचान की गई, जिन्हें बीआईएस एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया। यह पूरी कार्रवाई नोएडा शाखा प्रमुख विक्रांत के निर्देशन में की गई।

टीम का नेतृत्व निदेशक वीरेंद्र कुमार रावत ने किया, जिसमें संयुक्त निदेशक (सीआरएस) औरोस्मिता, उप निदेशक विष्णु दयाल जाट, सहायक निदेशक श्याम सुंदर घोषाल सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। बीआईएस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित फर्म के खिलाफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**आवेदक के लिए सलाह :**
बीआईएस ने आवेदिका से अपील की है कि किसी भी उत्पाद को खरीदने से पहले उस पर लगे आईएसआई मार्क, हॉलमार्क और सीआरएस मार्क की सत्यता की जांच बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से जरूर करें, ताकि मानक और सुरक्षित उत्पाद ही खरीदें जा सकें।

# गांधी बुनकर मेला 2026 'नेशनल हैंडलूम एक्सपो' में भारत की शिल्प परंपरा और कारीगरों की प्रतिभा को मिलेगा राष्ट्रीय मंच






**नई दिल्ली।** गांधी बुनकर मेला 'नेशनल हैंडलूम एक्सपो 2026' का आयोजन 25 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में करेगा। इस 14 दिवसीय एक्सपो का आयोजन देशभर से आए कारीगरों, बुनकरों और शिल्प समुदायों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। जहाँ भारत की विविध शिल्प परंपराएँए सांस्कृतिक पहचान और पीढ़ियों से संचित कौशल एक साथ प्रदर्शित होंगे।

राजधानी के केंद्र में स्थित हैंडलूम हाट इस दौरान पारंपरिक शिल्प कौशल की जीवंत तस्वीर पेश करेगा। एक्सपो में हस्तशिल्प, हथकरघा वस्त्र, जूट उत्पाद, सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित गृह सज्जा, उपयोगी उपहार और पारंपरिक परिधानों का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। जो देश के अलग-अलग क्षेत्रों की शिल्प पहचान को दर्शाएगा।

गांधी बुनकर मेला को केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक जीवित सांस्कृतिक मंच के रूप में तैयार किया गया है। जहाँ शिल्प को वाणिज्य से आगे बढ़ाकर परंपराए पहचान और आजीविका से जोड़ा गया है। इस आयोजन का केंद्रीय दृष्टिकोण उन कारीगरों को सशक्त बनाना है, जो पीढ़ियों से नक्काशी, बुनाई, सिलाई और निर्माण की परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं।

उनकी रचनाएँ केवल उत्पाद नहीं, बल्कि अनुभव, मेहनत और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतिबिंब हैं।

## 'रुद्र से राम दूत तक' महा कथा का 5 अप्रैल को भव्य आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में 5 अप्रैल को एक दिवसीय शिव-हनुमान तत्व महा कथा 'रुद्र से राम दूत तक' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर कथा वाचन परम श्रद्धेय कैलाश पंडित द्वारा किया जाएगा। इस महा कथा में देवाधिदेव महादेव के रुद्र रूप से उत्पन्न रुद्रांश के अवतरण की दिव्य कथा का वर्णन किया जाएगा। कथा में बताया जाएगा कि किस प्रकार रुद्रांश से अंजनी पुत्र का प्राकट्य हुआ, अंजनी पुत्र से पवनसुत, फिर मारुति और अंततः हनुमान बनकर वे प्रभु श्रीराम की शरण में पहुंचे। प्रभु श्रीराम के परम सेवक बनकर उन्होंने भक्ति का सर्वोच्च आदर्श स्थापित किया और निष्काम भाव से राम कार्यों को पूर्ण करते हुए रामदूत के रूप में समस्त जगत में पूजनीय बने। यह महा कथा दोपहर 2.30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस दिव्य कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।




## जूम मीटिंग की चेतावनी के दिखेंगे इफैक्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार मीटिंगे होती हैं और इनकी चर्चाएं चारों ओर होती भी हैं। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया हे कि शुक्रवार को हुई एक जूम मीटिंग की चर्चा जमकर हो रही है। इसमें बताया जा रहा है कि जूम मीटिंग में साहब ने महिला संबंधी अपराध को लेकर जो फरमान सुनाया है, उसके बाद कई स्तर के अधिकारियों की टेंशन बढ़ गई है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि जूम मीटिंग में जिस तरीके से साहब ने बीट पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और दिशा निर्देश दिए हैं, जिसके आने वाले दिनों में कई इफेक्ट देखने को मिलेंगे। तो वहीं इन सबके बीच जानकारी मिली है कि सिटी जोन के दो एसीपी और उनके थानों के प्रभारी भी रडार पर आए हैं। इसके साथ ही सीधे नंबर दो की पोजीशन वाले साहब व जोन वाले साहब लोगों से सवाल भी हो गए हैं। अब बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में साहब पुलिसिंग का जो पैटर्न लाना चाहते हैं, नीचे वाले उसे अपना नहीं रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिसकी वजह से मामला टाइट हो रहा है। बताया जा रहा है कि इन दिनों गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए ट्वीट जमकर हो रहे हैं और पुलिस की अव्यवस्था की पोल भी जमकर खुल रही है। बताया जा रहा है कि जूम मीटिंग के दौरान जिस तरीके के तेवर और करंट देखने को मिला है, उसके कई इफैक्ट आएंगे। अब बताया जा रहा आने वाले दिनों में इसका असर एसीपी स्तर के अधिकारियों और थाना प्रभारियों के फिर बदलाव के रूप में भी सामने आ सकते हैं। तो वही जिस तरीके से मिशन शक्ति केंद्र और पिंक बूथ की स्थिति पर सवाल उठाए गए हैं, लापरवाही की हद बताया गया है। इसको लेकर भी कुछ ना कुछ आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। वहीं बीट पुलिसिंग को लेकर भी कुछ बड़े एक्शन होने की उम्मीद जताई जा रही है। कुल मिलाकर जिस तरीके से जूम मीटिंग पहले राइट चलती रही और बाद में जब साहब ने दिशा निर्देश दिए, तो मामला बेहद टाइट हो गया था। सुनने में आ रहा है कि कई एसीपी और प्रभारी होपलैस भी हो गए थे। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि इस जूम मीटिंग के आने वाले दिनों में बेहद गंभीर परिणाम देखने को मिलेंगे।




## गोविंदपुरम में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविंदपुरम क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष रामानंद गोयल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर रामानंद गोयल की पत्नी कविता गोयल, सुमित गोयल, गीता गोयल, शुभांगी गोयल, श्रेयांश गोयल, रियांश गोयल, निशु गोयल सहित अशोक चौधरी, विनय शर्मा (एडवोकेट), बिट्टू और रमेश शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भंडारे में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान हनुमान के जयकारों के साथ कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

## सोसाइटी में पारदर्शिता का संकल्प: लंबित भुगतान जल्द होंगे जारी, डिजिटल लेन-देन अनिवार्य





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोसाइटी के अध्यक्ष विकास ने आश्वासन दिया है कि अब तक कर्मचारियों और वेंडर्स के जो भी भुगतान लंबित हैं, उन्हें जल्द और समयबद्ध तरीके से जारी किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्यों को व्यवस्थित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व टीम की सदस्य शबनम खान द्वारा कार्यों का सही तरीके से हैंडओवर नहीं किया गया है, जिसके चलते सभी खातों की विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने बैंक में हुई घटनाओं का भी उल्लेख किया, जहां बैंक कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार और अनुचित संदेश भेजे जाने ी जानकारी सामने आई।

सदस्य रोहित ने कहा कि सोसाइटी के सभी कार्य केवल सदस्यों के हित में किए जाएंगे और अब सभी भुगतान डिजिटल माध्यम से ही होंगे। नकद लेन-देन को पूरी तरह बंद कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। सोसाइटी के सदस्यों ने इस प्रकार के व्यवहार को अस्वीकार करते हुए स्पष्ट नाराजगी जताई है। साथ ही डिप्टी रजिस्ट्रार और संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है। शबनम खान और उनकी टीम के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य होने की बात भी कही गई, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने सोसाइटी के हित में कार्य करने की शपथ ली और सदस्यों के विश्वास को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। विकास जी ने कहा कि पूर्व एओए द्वारा कभी जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित नहीं की गई, जबकि सोसाइटी का धन सदस्यों की मेहनत की कमाई है और उस पर उनका पूर्ण अधिकार है।

## संस्कार एजुकेशनल ग्रुप में यूफोरिक-2026 का भव्य समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार एजुकेशनल ग्रुप, गाजियाबाद में 30 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक आयोजित चार दिवसीय वार्षिक उत्सव यूफोरिक -2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। समापन दिवस पर नृत्य, एकल गायन, मिमिक्री, कॉमेडी सहित कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रो. डॉ. बबीता कुमार (निदेशक, फामेर्सी), डॉ. धर्मेंद्र सिंह (निदेशक, इंजीनियरिंग), डॉ. राकेश इलाहाबादी (निदेशक, वास्तुकला) और प्रो. फैज मोहम्मद (निदेशक, प्रबंधन) सहित सभी विभागाध्यक्षों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर ऑल इंडिया परमिट बैंड की प्रस्तुति ने डीजे संगीत के साथ माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से झूम उठा।

## स्वर्णकार समाज के सैकडों लोगों ने समागम में हिस्सा लिया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** फरीदाबाद में आयोजित हुये स्वर्णकार नेतृत्व संगम में मोदीनगर से स्वर्णकार समाज के सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई।

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मोहित सोनी ने बताया कि फरीदाबाद के सैंट्रल पार्क में शुक्रवार को आयोजित हुये स्वर्णकार नेतृत्व संगम में देशभर से हजारों की संख्या में समाज के लागों ने अपनी भागेदारी निभाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज के छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, लोक जनशक्ति पार्टी से सांसद राजेश वर्मा, शौहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, कुशीनगर विधायक मोहन वर्मा, विधायक भाजपा देहरादून से सविता कपूर, गया बिहार से एमएलसी जीवन कुमार व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी सहित देशभर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने अपनी भागेदारी निभाते हुये संगठन की एकता व राजनीती में भागेदारी निभाये जाने की वकालत की। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से परमात्माशरण वर्मा, अरूण वर्मा, ब्रजमोहन वर्मा, अध्यक्ष मोहित सोनी, रिंकू वर्मा, विकास सोनी, पुनीत सोनी, राजन वर्मा, अक्षय सोनी, हर्षित वर्मा, संजय वर्मा, शेखर वर्मा, अर्थ वर्मा आदि मौजूद रहें।

## मोदीनगर महोत्सव-2026 का 5 अप्रैल को होगा भव्य आगाज



**मोदीनगर करंट क्राइम।** प्राइममैक्स म्यूजिक स्टूडियो व द पिंक जिम के तत्वावधान में शुक्रवार को महोत्सव-2026 को लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। आयोजक अमित गोयल ने मीडिया से रूबरू हो बताया कि आगामी 5 अप्रैल को किड्जी स्कूल, मोदीनगर में सांय 5 बजे एक विशालस्तर पर मोदीनगर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य, गायन एवं मॉडलिंग जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक अमित गोयल एवं राधा गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महोत्सव युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध हस्तियां जैसे द ग्रेट खली, खुशी बलियान एवं डीजे शेजवुड की उपस्थिति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। इस दौरान अंकुर सक्सेना, झलक शर्मा, ऊर्जा गोयल, युगल गोयल व अन्य मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम गणमान्य अतिथियों का हुआ स्वागत





गाजियाबाद, करंट क्राइम। मास्टर जितेंद्र सैन के परिवार द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त नॉमिनेट पार्षद संजय रावत और महानगर उपाध्यक्ष विनोद कसाना सहित राजन आर्य का सतीश सैन एवं ब्रह्मपाल चंदेला द्वारा पटका और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सैन और चंदेला परिवार के सदस्यों ने सभी अतिथियों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही मंडल अध्यक्ष विपिन डागर और पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान का भी मास्टर जितेंद्र सैन द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर महामंत्री राजकुमार चंदेला, उदयवीर, पार्षद पति संदीप सरदार, प्रदेश कार्यकारिणी समिति महिला मोर्चा की प्रियंका पांडे, सनी शर्मा, सनी यादव, रामावतार सैन, बीरे चंदेला, दिनेश चंदेला, अजय शर्मा, हनी चंदेला, रविंद्र प्रजापति, बृजेश पाठक, लकी चौधरी, मुखिया रघुवर चंदेला समेत सैन/चंदेला परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता लेखराज माहौर इन दिनों हिल स्टेशन की सैर पर हैं। मनाली टूर की सह पत्नी वाली फोटो को उन्होंनें फेसबुक पर साझा किया। लिखा कि मनाली की ये यादें ताउम्र हमारे साथ रहेंगी। लेखराज माहौर ने अपने जीवन संगनी के साथ इस खूबसूरत फोटो को फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# तेहरान के सबसे ऊंचे पुल पर यूएस-इस्राइल ने क्यों बरसाए बम? हमले में अब तक आठ की मौत, 95 घायल



**तेहरान।** ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच छिड़े युद्ध ने दूसरे महीने में प्रवेश कर लिया है। ईरानी मीडिया प्रेस टीवी ने तेहरान के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया है कि इस युद्ध की वजह से देश भर में 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, घायलों की संख्या भी काफी ज्यादा है।

पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच छिड़ी जंग को एक महीने से ज्यादा हो चुके हैं। शांति वार्ता के लिए की जा रहीं कोशिशों के बावजूद दोनों ओर से हमले जारी हैं। इस बीच अमेरिका और इस्राइल ने गुरुवार को ईरान के सबसे ऊंचे पुल यानी बी1 ब्रिज पर हवाई हमला किया। इस हमले में कम से कम आठ नागरिकों की मौत हो गई है, जबकि 95 अन्य घायल हो गए हैं।

ईरानी मीडिया प्रेस टीवी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक सैन्य कार्रवाई का मुख्य निशाना करज का बी1 ब्रिज था। इस हमले के चलते आसपास के इलाकों में भारी संख्या में लोगों के हताहत होने की आशंका जताई गई है। बताया जा रहा है कि मौतों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

**प्रकृति दिवस पर इकट्ठा हुए परिवार भी बने निशाना:** हमले में मारे गए लोगों में ईरानी यात्री और स्थानीय गांव के निवासी शामिल बताए जा रहे हैं। ये लोग हमले के समय पुल के पास मौजूद थे। प्रेस टीवी के अनुसार, मरने वालों में वे परिवार भी शामिल हैं जो प्रकृति दिवस के मौके पर उस क्षेत्र में थे, जब लोग बड़ी संख्या में बाहर निकले हुए थे।

**अमेरिका ने पुल को क्यों बनाया निशाना:** एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान जल्द ही समझौता नहीं करता है, तो उसके खिलाफ भीषण हमले किए जाएंगे। इन हमलों में उसके ऊर्जा ठिकानों और पानी के संयंत्रों को निशाना बनाया जाएगा। वहीं, बी1 पुल पर हुए हमले को इसकी बानगी माना जा रहा है।

दरअसल, इस पुल पर हमले से तेहरान का अपने पड़ोसी शहर करज से पूरी तरह संपर्क टूट गया है। माना जा रहा है कि अमेरिका ईरान को दिखाना चाहता है कि वह उसके किसी भी ढांचे को कभी भी निशाना बना सकता है।

**राष्ट्रपति पेजेशकियन ने दी चेतावनी:** इन हमलों के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि अमेरिकी और इस्राइली हमलावरों के खिलाफ ईरान अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करके अपना बचाव करने की कमस खाई है। यह बयान ऐसे समय आया है जब तेहरान द्वारा इसे अकारण आक्रामकता का युद्ध बताए हुए एक महीने से अधिक समय हो गया है।

बातचीत के दौरान पेजेशकियन ने कहा कि वॉशिंगटन द्वारा हमलों और बमबारी शुरू करने के समय तेहरान अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहा था।

# यूएन में ड्रैगन का कड़ा विरोध, अमेरिका से कहा हमले की धमकी के बदले शांति-कूटनीति की राह चुनें



**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में चीन ने पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है। यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान पर संभावित हमले की चेतावनी के बाद आई है। चीन ने साफ कहा कि युद्ध नहीं, बल्कि बातचीत ही इस संकट का समाधान हो सकता है।

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कोंग ने पश्चिम एशिया में किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्था को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्य देशों को सैन्य कार्रवाई की अनुमति देना गलत होगा। उनके अनुसार, ऐसी अनुमति देना बल के अवैध और अंधाधुंध इस्तेमाल को कानूनी मान्यता देने जैसा है।

क्या बोले चीनी प्रवक्ता?

चीन का यह औपचारिक विरोध अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों के जवाब में आया है। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सख्त लहजे का इस्तेमाल किया था। चाइना डेली के अनुसार, चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इस स्थिति पर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य तरीके बुनियादी तौर पर किसी भी मुद्दे को हल नहीं कर सकते। माओ निंग ने जोर देकर कहा कि संघर्ष को और बढ़ाना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।

**अमेरिका ने दी चेतावनी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों के भीतर ईरान पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहा है। इस बयान ने पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा दिया है। ट्रंप का कहना है कि वाशिंगटन का यह सैन्य अभियान ईरान के खतरे को खत्म करने के करीब है।

अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि वे ईरान को वापस वापस भेज देंगे, क्योंकि वह वहीं रहने के लायक है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि इस सैन्य तनाव के बीच कूटनीतिक बातचीत भी चल रही है। ट्रंप ने साफ किया कि उनका लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना नहीं था। हालांकि उन्होंने दावा किया कि ईरान के पुराने नेताओं की मौत के कारण वहां का नेतृत्व ढांचा बदल गया है और एक तरह से सत्ता परिवर्तन हो चुका है।

**बातचीत का रास्ता अपनाने की सलाह**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक अमेरिका के विशिष्ट लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक सैन्य अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि अमेरिका बहुत जल्द अपने सभी उद्देश्यों को पूरा करने की राह पर है। चीन ने इन धमकियों पर चिंता जताते हुए शांति और बातचीत का रास्ता अपनाने की सलाह दी है।

## पाकिस्तान में त्राहिमाम: पेट्रोल 458, डीजल 500 के पार



**दाम देख आवाम के छूटे पसीने, महंगाई तोड़ रही रिकॉर्ड**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि ये फैसले ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तान ने बढ़ती वैश्विक कीमतों के बावजूद ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखी है। सरकार ने यह भी इशारा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए वह आईएमएफ कार्यक्रम में लचीलापन हासिल करने की कोशिश करेगी, ताकि वित्तीय दबाव को संभाला जा सके।

# अबू धाबी में मिसाइल हमले के बाद गिरा मलबा: पांच भारतीय समेत कई घायल



**अबू धाबी।** अबू धाबी में मिसाइल इंटरसेप्शन के बाद गिरे मलबे से 12 लोग घायल हुए, जिनमें पांच भारतीय शामिल हैं। यूएई ने ईरान के 69 मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया। घटना ने खाड़ी में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई और कई खाड़ी देश मुश्किल में फंसे हैं। इसी बीच यूएई में एक और बड़ा हादसा सामने आया। अबू धाबी के अज्बान इलाके में मिसाइल हमले को रोकने के दौरान हवा में हुए विस्फोट के बाद मलबा गिरा, जिससे कम से कम 12 लोग घायल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर दिखाया है कि क्षेत्र में चल रहा संघर्ष अब आम लोगों को भी सीधे प्रभावित कर रहा है।

यूएई के सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, यह घटना तब हुई जब एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान से दागी गई मिसाइलों और ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया। इसी दौरान उनके टुकड़े जमीन पर गिरे और लोगों को चोट लगी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में सात नेपाली नागरिक और पांच भारतीय शामिल हैं। एक नेपाली नागरिक की हालत गंभीर बताई गई है।

**क्या मलबा गिरने से आम लोग हुए घायल?**

इस घटना में साफ दिखा कि भले ही मिसाइलों को हवा में रोक लिया गया, लेकिन उनका मलबा जमीन पर गिरकर खतरा बन गया। अज्बान इलाके में गिरे टुकड़ों से 12 लोग घायल हुए।

इनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिससे यह साफ है कि इस संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रह रहे लोगों पर भी पड़ रहा है। प्रशासन ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

**क्या यूएई ने हमले को सफलतापूर्वक नाकाम किया**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने शुक्रवार को ईरान की ओर से दागी गई कुल 69 मिसाइल और ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया। इनमें 18 बैलिस्टिक मिसाइल, चार क्रूज मिसाइल और 47 ड्रोन शामिल थे। इससे यह संकेत मिलता है कि हमले का स्तर काफी बड़ा था, लेकिन यूएई की रक्षा प्रणाली ने उसे काफी हद तक रोक लिया।

### अब तक यूएई पर ईरान ने कितने हमले किए

यूएई के मुताबिक, जब से ईरान की ओर से हमले शुरू हुए हैं, तब से अब तक उसकी एयर डिफेंस सिस्टम 475 बैलिस्टिक मिसाइल, 23 क्रूज मिसाइल और 2,085 ड्रोन को इंटरसेप्ट कर चुकी है। ये आंकड़े बताते हैं कि संघर्ष लगातार तेज हो रहा है और हमलों की संख्या काफी ज्यादा है।

### क्या विदेशी नागरिकों पर बढ़ रहा है खतरा

इस घटना में भारतीय और नेपाली नागरिकों का घायल होना चिंता बढ़ाने वाला है। इससे यह साफ होता है कि खाड़ी देशों में काम कर रहे प्रवासी भी अब सीधे खतरे में हैं। ऐसे हालात में वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा बन गया है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। पश्चिम एशिया में जारी यह टकराव अब और खतरनाक रूप ले सकता है। मिसाइल और ड्रोन हमलों की बढ़ती संख्या और उनका असर आम लोगों तक पहुंचना चिंता का विषय है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो आने वाले दिनों में और बड़े नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ईरान का बड़ा दावा: फिर गिराया F-35 लड़ाकू विमान, अमेरिका बोला- झूठ फैलाया जा रहा



**तेहरान।** ईरान ने दावा किया है कि उसने एक और अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालांकि, अमेरिका ने इसे पूरी तरह झूठ बताया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने मलबे की तस्वीरें जारी की। अब उन पर सवाल उठ रहे हैं। एआई जांच में भी ये तस्वीरें संदिग्ध पाई गईं।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। दोनों देश अपने-अपने हिसाब के कई बड़े दावे कर रहे हैं। कभी अमेरिका कहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। वहीं, इन सबके बीच ईरान की ओर से भी बड़ा दावा किया गया है। ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि उसकी सेना ने एक और अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को मार गिराया है।

ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने मध्य ईरान के आसमान में एक अमेरिकी ऋ35 विमान को नष्ट कर दिया। एजेंसी ने विमान के मलबे की तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि यह विमान अमेरिका के लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमान पूरी तरह तबाह हो गया और पायलट के बचने की संभावना बहुत कम है। ईरान का दावा है कि पिछले 24 घंटों में यह दूसरा ऋ35 विमान है जिसे मार गिराया गया है। इससे पहले 2 अप्रैल और 23 मार्च को भी ऐसे ही दावे किए गए थे। ईरान लगातार कह रहा है कि उसने अमेरिकी आधुनिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया है और उन्हें गिराया है।

# म्यांमार की संसद ने जनरल मिन को राष्ट्रपति चुना, 2021 में उखाड़ फेंकी थी सू की सरकार



**म्यांमार।** म्यामार की संसद ने जनरल मिन को राष्ट्रपति पद के लिए चुन लिया। जनरल मिन का 2021 में सू कीी सरकार हटाने में हाथ था।

म्यांमार की संसद ने शुक्रवार को मिन आंग ह्लाइंग को देश का नया राष्ट्रपति चुना। यह एक जनरल हैं जिन्होंने 2021 में आंग सान सू की की नागरिक सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। इसके साथ ही पिछले पांच वर्षों से सत्ता पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी थी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, म्यांमार के सैन्य शासक मिन आंग ह्लाइंग को तीन उम्मीदवारों में से सबसे अधिक वोट प्राप्त करने के बाद देश का राष्ट्रपति चुना गया है। द इरावदी की रिपोर्ट के अनुसार, ह्लाइंग के दो उप-राष्ट्रपति पूर्व सैन्य-नियुक्त प्रधान मंत्री न्यो सॉ हैं, जो लंबे समय से वफादार रहे हैं। वहीं. नान नी नी आये हैं, जो सैन्य समर्थित यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएसडीपी) की करेन राज्य की अध्यक्ष हैं।

अपने चुनाव से पहले के दिनों में, मिन आंग ह्लाइंग ने कमांडर-इन-चीफ पद से इस्तीफा दे दिया। जनरल ये विन ऊ को इस पद पर नियुक्त किया। रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को नेप्यीडॉ स्थित जेयाथिरी बेकमैन में किया गया।

म्यांमार के सरकारी रेडियो और टेलीविजन की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को म्यांमार की संसद (प्यिथु ह्लुटाव) ने मिन आंग ह्लाइंग को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। म्यांमार में दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में चुनाव हुए थे। द इरावदी अखबार के अनुसार, यूएसडीपी ने चुनावों में जीत हासिल की, जहां अधिकांश विपक्षी दलों को भाग लेने से रोक दिया गया था।

# तीन अमेरिकी राज्यों के खिलाफ मुकदमा दायर




**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रेडिक्शन मार्केट को लेकर अब बड़ा कानूनी विवाद शुरू हो गया है। सरकार ने तीन राज्यों, कनेक्टिकट, एरिजोना और इलिनोइस, के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह विवाद उन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स को लेकर है, जहां लोग भविष्य की घटनाओं (जैसे चुनाव या अन्य नतीजों) पर पैसा लगाते हैं। इन प्लेटफॉर्म्स में कालशी और पॉलीमार्केट जैसे नाम शामिल हैं।

दरअसल, इन तीनों राज्यों ने इन कंपनियों को नोटिस भेजकर कहा था कि वे गैरकानूनी ऑनलाइन जुए में शामिल हैं और तुरंत अपना काम बंद करें। एरिजोना ने तो पिछले महीने कालशी के खिलाफ आपराधिक केस भी दर्ज कर दिया था, क्योंकि वहां चुनावों पर सट्टा लगाना कानून के खिलाफ है। लेकिन अब सरकार की एजेंसी कमोडिटी फ्यूचर्स ट्रेडिंग कमीशन (सीएफटीसी) ने कोर्ट में कहा है कि इन प्लेटफॉर्म्स को नियंत्रित करने का अधिकार राज्यों के पास नहीं, बल्कि उनके पास है। सीएफटीसी का कहना है कि अगर हर राज्य अपने हिसाब से नियम बनाएगा, तो इससे धोखाधड़ी और उपभोक्ताओं के लिए खतरा बढ़ सकता है। वहीं, ट्रंप सरकार ने भी कालशी और पॉलीमार्केट जैसे प्लेटफॉर्म्स का समर्थन किया है। इससे यह मामला और ज्यादा अहम हो गया है, क्योंकि इसका असर भविष्य में ऑनलाइन सट्टेबाजी और स्पोर्ट्स बेटिंग के नियमों पर भी पड़ सकता है।

# अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर निजी हथियार रखने की अनुमति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि अब सैनिकों को सैन्य ठिकानों पर अपने निजी हथियार रखने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक नया आदेश जारी किया जा रहा है, जिसके तहत सैनिक अपने सुरक्षा कारणों से हथियार रखने के लिए आवेदन कर सकेंगे। यदि किसी सैनिक की मांग ठुकराई जाती है, तो अधिकारियों को लिखित रूप में कारण बताना होगा।

अब तक सैन्य ठिकानों को लगभग गन-फ्री जोन माना जाता था, जहां केवल सैन्य पुलिस या ट्रेनिंग के दौरान ही हथियार रखने की अनुमति थी। इस फैसले के पीछे हाल के वर्षों में सैन्य ठिकानों पर हुई गोलीबारी की घटनाएं बड़ी वजह मानी जा रही हैं। हेगसेथ का कहना है कि ऐसे मामलों में शुरूआती कुछ मिनट बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और सैनिकों को अपनी सुरक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। रक्षा विभाग पहले से ही हथियारों के इस्तेमाल और स्टोरेज को लेकर सख्त नियम लागू करता रहा है।

# आर्टेमिस मिशन: इंसान फिर चांद की ओर इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का आर्टेमिस मिशन एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंच गया है। इस मिशन के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की कक्षा से निकलकर चांद की ओर रवाना हो चुके हैं। यह करीब 50 साल बाद पहली बार है जब इंसान चांद के इतने करीब जाएगा। इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जिनमें एक महिला, एक अश्वेत और एक गैर-अमेरिकी सदस्य भी हैं। यह विविधता अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। यह मिशन चांद पर लैंडिंग नहीं करेगा, बल्कि उसके चारों ओर घूमकर वापस पृथ्वी पर लौट आएगा।

इस दौरान अंतरिक्ष यात्री करीब 4 लाख किलोमीटर तक यात्रा करेंगे और इतिहास में सबसे दूर जाने वाले इंसान बन सकते हैं। मिशन का उद्देश्य भविष्य में चांद पर स्थायी ठिकाना बनाने की तैयारी करना है। हालांकि मिशन के दौरान कुछ तकनीकी समस्याएं भी सामने आईं, जैसे कैप्सूल के टॉयलेट में खराबी और पानी सिस्टम में दिक्कत। इसके बावजूद वैज्ञानिकों का कहना है कि मिशन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और 2028 तक चांद पर इंसान उतारने का लक्ष्य कायम है।

# शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट, आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के भारतीय शांति सैनिकों ने बाढ़ से बंद पड़े एक मुख्य मार्ग को फिर से खोल दिया है। इस रास्ते के खुलने से लाखों लोगों तक मदद पहुंच सकेगी। संयुक्त राष्ट्र ने इस काम पर सैनिकों की सराहना की और इसे इसे मानवता के लिए जरूरी बताया।

संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है।

महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में एक मीडिया वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य सप्लाई मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था।

उन्होंने कहा, सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20-पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा।

दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन दक्षिण सूडान ने भी सोशल मीडिया पर इस सफलता की जानकारी साझा की है। मिशन ने बताया कि नया रास्ता बनने से क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी। बाढ़ की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दक्षिण सूडान में हालात बहुत खराब थे। आठ राज्यों में करीब 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। इस आपदा की वजह से लगभग 3 लाख 75 हजार 600 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। ऐसे में इस मुख्य रास्ते का खुलना वहां के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। बता दें कि जनवरी 2026 तक, भारत वठटक्रर में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाला देश था, जिसके 1,779 जवान इस शांति मिशन में तैनात थे।

# 'तेल पर कब्जा कर कमाएंगे मुनाफा' बस कुछ समय और फिर खुल जाएगा होर्मुज: डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलकर तेल से मुनाफा कमा सकता है। उन्होंने यह बयान सोशल ट्रुथ पर लिखा। बता दें, फिलहाल ईरान ने इस मार्ग को बंद कर दिया है। ईरानी नेतृत्व सिर्फ मित्र देशों के जहाजों को गुजरने दे रहा है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के दबाव में झुकने के तैयार नहीं है। इसी बीच उनका एक बड़ा बयान सामने आया। ट्रंप ने कहा है कि अगर थोड़ा और समय मिला तो अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल सकता है और वहां से तेल लेकर बड़ा मुनाफा कमा सकता है। उनके इस बयान ने पहले से चल रहे संघर्ष को और संवेदनशील बना दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका के पास इतनी क्षमता है कि वह होर्मुज को खोलकर तेल आपूर्ति को फिर से चालू कर सकता है। फिलहाल ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते को बंद कर दिया है। इस कारण दुनिया भर में तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है और कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

**क्या ट्रंप ने होर्मुज पर सीधा नियंत्रण लेने की बात कही**

ट्रंप के बयान से संकेत मिलता है कि अमेरिका होर्मुज पर सीधा नियंत्रण लेने की सोच रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका वहां से तेल लेकर मुनाफा कमा सकता है। यह बयान कूटनीतिक से ज्यादा आक्रामक माना जा रहा है। इससे यह भी साफ होता है कि अमेरिका अब इस संकट को सिर्फ बातचीत से नहीं बल्कि ताकत के जरिए हल करने की दिशा में भी सोच रहा है। ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के हमलों के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से करीब 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति गुजरती है।

# 12.5 करोड़ रू. में पूर्व अमेरिकी कमांडो बने भाड़े के कातिल

### यूएई के कहने पर यमन में मचाया कत्लेआम!



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के पूर्व कमांडो ने यूएई से हर महीने 12.5 करोड़ लेकर यमन में राजनीतिक विरोधियों की हत्याएं कीं। यमन के एक सांसद ने बाल-बाल बचने के बाद अब अमेरिकी कोर्ट में इन भाड़े के हत्यारों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इससे पहले खुद आरोपियों ने भी अपनी संलिप्तता की बात कबूली थी।

पैसा क्या कुछ नहीं करा सकता, इसका एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अमेरिका के पूर्व जांबाज सैनिकों पर पैसों के लिए दूसरे देशों में 'कॉन्ट्रैक्ट किलिंग' यानी भाड़े पर हत्याएं करने का बेहद गंभीर आरोप लगा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के इशारे पर यमन में राजनेताओं और विरोधियों की हत्या की गई थी। इसके लिए अमेरिकी कमांडोज को हर महीने करीब 1.5 मिलियन डॉलर, यानी करीब 12.5 करोड़ रुपये दिए जा रहे थे। इतना ही नहीं, हर कामयाब हत्या पर अलग से मोटा बोनस भी मिलता था।

इस मामले का खुलासा यमन के सांसद अनसफ अली मायो की तरफ से अमेरिकी कोर्ट में दायर किए गए मुकदमे के बाद हुआ है। मायो का आरोप है कि साल 2015 में उन्हें जान से मारने के लिए 'स्पीयर ऑपरेशंस ग्रुप' नाम की एक निजी सुरक्षा कंपनी को सुपारी दी गई थी। इस कंपनी को चलाने वाले कोई और नहीं बल्कि अमेरिका के पूर्व जांबाज फौजी और नेवी सील के पूर्व कमांडो थे।

मायो के मुताबिक, 29 दिसंबर 2015 को इस कंपनी के ठेकेदार ने दक्षिणी यमन के अदन शहर में स्थित उनके दफ्तर में बम लगाया था। गनीमत यह रही कि धमाके से चंद मिनट पहले ही वह वहां से निकल गए। इसके बाद जान के डर से उन्हें अपना वतन छोड़कर सऊदी अरब में शरण लेनी पड़ी।

**खुद कबूला सच**

चौंकाने वाली बात यह है कि इस कत्लेआम के खेल को रचने वाले अमेरिकी कमांडो इब्राहिम गोलन और इसाक गिल्मोर ने खुद मीडिया के सामने इस बात को कबूल किया था। गोलन ने 2018 में एक इंटरव्यू में सीना ठोक कर कहा था कि हां यमन में लक्षित हत्याएं यानी 'टारगेट किलिंग' का प्रोग्राम चल रहा था। मैं इसे चला रहा था और इसे यूएई का पूरा समर्थन हासिल था। यूएई ने वहां की अल-इस्लाह पार्टी को एक आतंकी संगठन घोषित कर रखा था, जबकि कई अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह महज एक राजनीतिक पार्टी थी जो यूएई के एजेंडे का विरोध कर रही थी। यमन के सांसद मायो भले ही अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अमेरिकी कानून 'एलियन टॉर्ट स्टेट्यूट' के तहत यह केस किया है। यह कानून विदेशियों को भी मानवाधिकारों के हनन और अंतरराष्ट्रीय अपराधों के खिलाफ अमेरिकी अदालतों में केस लड़ने का अधिकार देता है।




# लोनी में विकास कार्यों पर सख्ती: विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का किया निरीक्षण

## जलभराव के स्थायी समाधान के निर्देश, प्रदूषण पर अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक





### प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: नंदकिशोर गुर्जर



**करंट क्राइम।** निरीक्षण से पूर्व विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बलराम नगर स्थित अपने कार्यालय पर नगरपालिका, तहसील एवं प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के कारणों पर गंभीर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां-जहां दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर जलभराव की समस्या है, वहां स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

**लोनी करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवनिमार्णाधीन दिल्ली-सहारनपुर मार्ग तथा दिल्ली बेहटा नहर रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की।

मार्ग पर जलभराव की समस्या वाले स्थानों पर विशेष ध्यान देते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि भविष्य में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान अधिशासी अभियंता राजाराम, एई ए.के. शर्मा, जेई गुलाब भाटी, नकुल कौशिक एवं संबंधित ठेकेदार मौजूद रहे। विधायक ने बेहटा नहर रोड का भी औचक निरीक्षण कर कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

## गौतमबुद्ध नगर में गैस वितरण व्यवस्था पर सख्ती

# डीएम की बैठक में पीएनजी कनेक्शन बाधाओं पर चर्चा, कालाबाजारी रोकने के निर्देश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की वितरण को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में संबंधित अधिकारियों एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन देने में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई



बैठक के दौरान पीएनजी कनेक्शन की समीक्षा में आईजीएल कंपनी के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रों में पीएनजी कनेक्शन के लिए एनओसी प्राप्त न होने के कारण कई स्थानों पर कनेक्शन स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित प्राधिकरणों को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिससे पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। साथ ही जिन स्थानों पर एजेंसियों को कार्य निष्पादन के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वहां सुरक्षा एवं सुचारु कार्य संचालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। गैस का वितरण मानक के अनुरूप तथा शासनादेश के अनुसार किया जाए। बैठक में प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में उपजिलाधिकारी तथा नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बाट माप विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीमें निरंतर अभियान संचालित कर रही हैं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन से लेकर नामित वाली लिस्ट पर आप देंगे अगर गहराई से ध्यान? तब आपको समझ आयेगा कि मजबूत रहा है यहां पर वर्मा ब्रदर्स की सिफारिश का पैगाम? बिग वर्मा ब्रदर ने अपने प्रिय प्रदीप और त्यागी जी का मामला किया है डन-डन? सुना है अनुज ब्रदर का भी नहीं किया ऊपर वालों ने खंडन? उनके भी कहने से मजबूत हुआ है ब्राह्मण और पंजाबी चेहरे का मुकाम? कहने वाले ने कहा अब तो हम वर्मा ब्रदर्स के पास जायेंगे? उनकी सिफारिश में हकीकत में दम है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने देखी होगी भगवा पहलवान की एक अदा? वो पढ़ते हैं तब दिलजली शायरी? जब उन्हें सिस्टम में दिलाना होता है अपने चेहरों को स्थान? जैसे ही काम निपट जाता है, वैसे ही उनकी मूवमेंट हो जाती है आम? आजकल आप दोगे अगर उनकी गतिविधियों पर ध्यान? तब आप देखोगे, दर्द भरी शायरी का थामा हुआ है उन्होंने तूफान? कहने वाले ने कहा पहलवान नामित वाले मैटर में हैं रिलैक्स? इसलिए दर्दे दिल के नहीं दिखा रहे वो सोचे समझे वाले इफैक्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हैं इस बात पर बहुत ज्यादा हैरान? क्यों नहीं रखा वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब ने गागर में सागर भरने वालों का ध्यान? ये चेहरा तो पूरी तरह से था उन्हीं पर डिपेंड? नहीं किया था उसने किसी और को अटेंड? सुना है जिनसे वो कराना चाह रहे थे अपनी मजबूत राजनीति की शुरूआत? वहीं से हो गया उम्मीदों का एंड? कहने वाले ने कहा कि ये एक रहस्य है कि आखिर उन्होंने क्यों नहीं लिया अपने प्रिय के लिए राजधानी में स्टैंड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने देखा जबसे महान मंत्री बने हैं मिस्टर चौपड़ा? तब से लीलू भईया के दिल में छाया हुआ है खुशियों का तूफान? अब उनका लालच लगातार बढ़ रहा है? उन्होंने अपनी हसरत प्रकट करके कहा है? युवा मोर्चा की सीट पर आना चाहिए मोनू या राहुल में से किसी का नाम? कहने वाले ने कहा कि लीलू भईया दोनों हाथों में लड्डू लेने से नहीं चलेगा काम? इन दोनों में से कोई एक डिसाईड करो? किससे ज्यादा मौहब्बत है, इस बात को करो आप आम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा युवा तोमर के भी आ गये हैं अरमान बाहर? भले ही वो योद्धा की मेन टीम में एंट्री ना बना पाये हों? मगर उनके जहन में हो गया है अब मोर्चे का अध्यक्ष बनने का जुनून सवार? उन्होंने देनी शुरू कर दी है इस मैटर में कई दरबारों में दस्तक? कहने वाले ने कहा कि देखना अब ये है कि कितनी किस्मत लेकर चल रहा है इनका मस्तक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो खाली चल रहा है महानगर के मंत्री वाला पद उस पर भी आप कर लो चर्चा? मगर इतना तो कन्फर्म है कि इस पद पर भरेगी कोई महिला ही पर्चा? अब इस बात को भी आप कर दो आम? इस मामले में शॉर्ट लिस्ट हो सकते हैं रिचा, सिम्मी, सविता दीदी के नाम? बस इंतजार इस बात का है कि कब आयेगा अब ऊपर से घोषणा का समाचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिन मजबूत चेहरों की हुई है हाल ही में एक दल में ज्वाईनिंग? दिखाने वाले दिखा रहे हैं उनके कहीं और से चुनाव लड़ने की शाईनिंग? कहने वाले ने कहा कि उनके चेहरे भले ही किसी दूसरी लोकेशन की ओर हमारा दिमाग करें नेविगेट? देखना जैसे जैस समय पास आयेगा मुराद पुरी करने वाले एरिये में होगा उनका मामला अपडेट? इस बात का मुराद पूरी करने वालों को भी है ज्ञान? पिक्चर अभी बाकी है तब तक नम्बरिंग से चला लो काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी बहुत ही सबसे लगाव रखते हैं? नहीं रखते हैं वो किसी से भी दूरियों से खटके? आप खोलोगे अगर विधायक जी की गाड़ी का बोनट? उसमें दिखेंगे आपको हर समय पांच हजार पटके? सम्मान देने में विधायक जी बिल्कुल भी नहीं लगाते हैं देरी? जहां देखते हुए वो खुशियों के जश्न? वहां टीम के साथ जरूर लगाते हैं फेरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोनी वाले गुर्जर के साईकिल वाले अध्यक्ष पर शब्दों के हमले लगातार जारी हैं? मगर इस पूरे शोर में अध्यक्ष जी की खामोशी सबपर भारी है? सुना है फिर से खोला है गुर्जर ने अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा? मगर हर बार की तरह उन्होंने नहीं दिया इस बार भी इसके हमले पर ध्यान? कहने वाले ने कहा यूं तो हमने लाख पेशेंस रखने वाले देखे हैं? मगर ऐसा चेहरा नहीं देखा श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा रेड फेस मैन ने करा दिया एक बार फिर से भगवा कमान्डर से अपनी नजदिकियों का अहसास? चाहते तो वो अपने मनोनयन के बाद योद्धा को इन्वाईट कर सकते थे? मगर उन्होंनें इस मैटर में समझा कमान्डर को खास? विशेष रूप से उन्होंने दिया कमान्डर को अपने यहां आने का निमंत्रण? वैसे ये तो होना ही था? कमान्डर को तो स्वीकार करना ही था ये वाला आमन्त्रण?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से वृद्धा की मौत



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की बलराज नगर कॉलोनी में गुरुवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में कमरे में आग लगने से वृद्धा की जलकर मौत हो गई। कमरे से धुआं उठने पर पुत्रवधू ने पानी डालकर कमरे में जल रही आग पर काबू पाया। पुलिस ने वृद्धा के पुत्र को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बलराज नगर कॉलोनी में रहने वाले सोनू एक निजी कंपनी में नौकरी करते है। वह भाई गंगा राम, पत्नी दीपू, दो पुत्र, तीन पुत्रियों और 65 वर्षीय मां पुष्पा के साथ कॉलोनी में पचास गज के मकान में रहते है।

उनके मामा सुभाष ने बताया कि कुछ दिन पहले सोनू ने मकान का निर्माण कराना शुरू किया था। जिसके चलते घर से कुछ दूर एक मकान के पहली मंजिल पर कमरा किराए पर लिया था। एक कमरे में सोनू की पत्नी बच्चों के साथ रहती थी, जबकि पास के खाली पड़े कमरे में मां पुष्पा सोती थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सोनू और बड़ा पुत्र कंपनी के कार्य के चलते बेंगलोर गये थे। गुरुवार देर रात करीब तीन बजे पुत्रवधू ने कमरे में आग लगने की जानकारी दी। वह मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि बहन पुष्पा को बीड़ी पीने की आदत थी। जिस कमरे में वह सोती थी उसमें कपड़े और अन्य सामान रखा हुआ था। पुत्रवधू रात करीब एक बजे बच्चों के साथ कमरे में सोने गई थी। करीब ढाई बजे पुष्पा ने सास के कमरे से धुआं निकलता देखा। वह शोर मचाते हुए कमरे में पहुंची तो देखा कि कमरे में आग लगी हुई थी। पुत्रवधू ने बच्चों के साथ पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया और मामले की जानकारी उन्हें दी।

वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि पुष्पा की जलने से मौत हो गई थी। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि वृद्धा बीमार थी। वह बिना सहारे के नहीं चल सकती थी, और बीड़ी पीने की आदी थी। कमरे में बिजली के कनेक्शन नहीं होने से शार्ट सर्किट की संभावना नहीं हैं। परिजनों ने रात में बीड़ी जलाने के बाद आग लगने की आशंका जताई है।

# आईसीआईएम नेटवर्क को मिली बड़ी सरकारी मान्यताएँ

## ऑडिट, सुरक्षा और महिला गरिमा के क्षेत्र में मजबूत पहचान

### लीगल इंफोसोल्यूशंस को यूपी श्रम विभाग से थर्ड पार्टी ऑडिटर की मान्यता

### उत्थान समिति को केंद्र से पीओएसएच प्रशिक्षण की स्वीकृति

**गाजियाबाद / नोएडा करंट क्राइम।** औद्योगिक अनुपालन, श्रम कानून जागरूकता, कार्यस्थल सुरक्षा और संस्थागत उत्तरदायित्व के क्षेत्र में इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट (आईसीआईएम) तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी मान्यताओं के साथ संस्थाओं को नई विश्वसनीयता, मजबूती और व्यापक पहचान मिली है।

आईसीआईएम की सहयोगी संस्था लीगल इंफोसोल्यूशंस प्रा. लि. को उत्तर प्रदेश श्रम विभाग द्वारा आधिकारिक रूप से थर्ड पार्टी ऑडिटर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इसके तहत संस्था अब राज्य के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों का ऑडिट निर्धारित मानकों और थर्ड पार्टी ऑडिट योजना के अनुसार कर सकेगी। यह मान्यता संस्था की तकनीकी दक्षता, विशेषज्ञता और श्रम कानून अनुपालन में उसके अनुभव का प्रमाण मानी जा रही है।

इसके साथ ही लीगल इंफोसोल्यूशंस प्रा. लि. को पहले से ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऑक्यूपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी (ओएसएच) प्रशिक्षण प्रदान करने की स्वीकृति प्राप्त है। संस्था उद्योगों को कार्यस्थल सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन, दुर्घटना रोकथाम और श्रमिक संरक्षण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दे रही है।

### मान्यताएँ हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतिबिंब: सतेंद्र सिंह



**करंट क्राइम।** आईसीआईएम के चेयरमैन सतेंद्र सिंह ने कहा कि ये मान्यताएँ केवल संस्थागत उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सम्मानजनक कार्यस्थलों के निर्माण के प्रति उनके संकल्प का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति का आधार अनुपालन, श्रमिक सुरक्षा और जिम्मेदार प्रशासन होना चाहिए। आईसीआईएम और उसकी सहयोगी संस्थाएँ उद्योगों को व्यावहारिक और विश्वसनीय समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईसीआईएम और उसकी सहयोगी संस्थाएँ लगातार औद्योगिक प्रशिक्षण, अनुपालन परामर्श, कानूनी मार्गदर्शन और कार्यस्थल सुरक्षा जागरूकता के माध्यम से संस्थानों को सशक्त बना रही हैं। नई मान्यताओं के साथ उनकी भूमिका अब और अधिक व्यापक और प्रभावशाली हो गई है।

इसी क्रम में आईसीआईएम की एक अन्य सहयोगी संस्था उत्थान समिति को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम) प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि कार्यस्थलों को सुरक्षित, सम्मानजनक और महिला गरिमा के अनुरूप बनाने की दिशा में संस्था के प्रयासों को दशार्ती है।

इन तीनों मान्यताओं के साथ आईसीआईएम नेटवर्क ने ऑडिट, सुरक्षा और गरिमा के तीन महत्वपूर्ण स्तंभों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। जहां थर्ड पार्टी ऑडिट उद्योगों को विधिसम्मत बनाता है, वहीं डब्लर प्रशिक्षण कार्यस्थलों को सुरक्षित बनाता है और पीओएसएच प्रशिक्षण संस्थानों में संवेदनशील एवं सम्मानजनक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देता है।

# दो जगह लगी भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम में बदलाव के साथ आग लगने की घटनाओं में तेजी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। शुक्रवार दोपहर करीब 1:21 बजे फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्लासिक सोसाइटी के एक फ्लैट में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से दो फायर टेंडर और एक वाटर ब्राउजर मौके के लिए रवाना किए गए। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि डीएम-4 ब्लॉक के फ्लैट नंबर 201 (द्वितीय तल) के किचन और बेडरूम में आग लगी हुई थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने दो होज पाइप के जरिए पंपिंग कर आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया और आसपास के फ्लैटों को सुरक्षित बचा लिया गया। आग में घर का काफी सामान जल गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग के बीच से दो सोने के कड़े, एक अंगूठी और जरूरी कागजात सुरक्षित निकालकर फ्लैट मालिक मुकुल निगम को सौंप दिए गए।

## घंटाघर क्षेत्र में पेंट केमिकल गोदाम में भीषण आग



**करंट क्राइम :** दूसरी घटना शाम करीब 4:32 बजे घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के नुसरत अली मोहल्ले में हुई, जहां जुगल बेकरी के सामने स्थित एक पेंट और केमिकल गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से कई फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। आग की विकरालता को देखते हुए फोम टेंडर का भी इस्तेमाल किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरी कार्रवाई की निगरानी की।



दमकल टीम ने तेज प्रेशर से पानी और फोम का इस्तेमाल कर आग को चारों ओर से घेरते हुए काबू पाया। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी और आसपास की दुकानों व मकानों को सुरक्षित बचा लिया गया। गोदाम मालिक अंकित गर्ग भी मौके पर मौजूद रहे। इस घटना में भी किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन गोदाम में रखा पेंट और केमिकल जलने से भारी नुकसान हुआ है। दोनों ही घटनाओं में फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई और बेहतर समन्वय के चलते बड़ा हादसा टल गया। समय रहते आग पर काबू पाने से आसपास के रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों को सुरक्षित बचा लिया गया। गर्मी और मौसम में बदलाव के दौरान आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और बिजली व ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में सावधानी रखने की जरूरत है।

# लिंक रोड थाना बना हाईटेक, आधुनिक सुविधाओं से किया गया अपग्रेड

### ⇨ सीपी ने कहा बदल रही है थानों की तस्वीर





**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार अपने थानों की तस्वीर बदलने की दिशा में काम कर रहा है। इसी क्रम में लिंक रोड थाने को आधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए पूरी तरह हाईटेक और आकर्षक रूप दिया गया है। अब यह थाना न केवल सुविधाओं के लिहाज से बेहतर हुआ है, बल्कि इसकी नई पहचान दूर से ही दिखाई देने लगी है।

थाने में आधुनिक प्रतीक्षालय (वेटिंग एरिया) तैयार किया गया है, जिससे आम नागरिकों को आरामदायक माहौल मिल सके। इसके साथ ही फ्रंट ऑफिस को हाईटेक बनाया गया है, जहां शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को आसान और व्यवस्थित किया गया है। साइबर सेल सेवा यूनिट का विस्तार भी इस अपग्रेड का प्रमुख हिस्सा है, जिससे साइबर अपराधों से जुड़े मामलों का तेजी से निस्तारण किया जा सके। वहीं, महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए मिशन शक्ति केंद्र को भी आकर्षक और सुविधाजनक रूप दिया गया है।





थाना परिसर में लैंडस्केपिंग के साथ वॉटर फाउंटेन और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा भवन रात में जगमगाता नजर आता है। नई रोशनी और साज-सज्जा अब थाना लिंक रोड की एक अलग पहचान बन चुकी है। इस मौके पर शुक्रवार को आयोजित बड़ा खाना कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने शिरकत की और अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 11 महीनों में कमिश्नरेट के आधा दर्जन से अधिक थानों का कायाकल्प किया जा चुका है और यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। कार्यक्रम में एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव और थाना प्रभारी लिंक रोड रविंद्र पंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि थानों का यह आधुनिकीकरण सिर्फ भवन तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस के व्यवहार और कार्यप्रणाली में भी सुधार किया जा रहा है, ताकि आम जनता को बेहतर और भरोसेमंद पुलिसिंग मिल सके।

# आवारा कुत्ते का हमला, पूर्व अधिकारी गंभीर घायल

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में आवारा कुत्ते ने रक्षा मंत्रालय के पूर्व अधिकारी पर अटैक कर दिया। कुत्ते ने उनके शरीर पर 13 जगहों पर काटा। पत्नी के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए और कुत्ते को किसी तरह भगाया जा सका। इलाज के लिए उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना जेवर थाना क्षेत्र के अजनारा पनोरमा सोसाइटी में शुक्रवार को हुई। यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र की अजनारा पनोरमा सोसाइटी में रहने वाले डॉ. दीर्घ नारायण 1977 बैच के सिविल सेवा अधिकारी रहे हैं।

उन्होंने लगभग 27 वर्षों तक रक्षा मंत्रालय में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। डॉ. दीर्घ नारायण करीब 2 महीने से अपनी पत्नी के साथ अजनारा पनोरमा सोसाइटी में रह रहे हैं। डॉ. नारायण ने बताया- शुक्रवार को मैं अपनी पत्नी के साथ सोसाइटी परिसर में टहल रहा था। तभी अचानक एक आवारा कुत्ते ने मुझ पर हमला कर दिया। मैंने बचने की कोशिश की, लेकिन कुत्ता लगातार मुझे काटता रहा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।